जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

डाक पंजियन संख्याः JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

जयपुर मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926 :: वर्ष 22 :: अंक 103

www.hukmnamasamachar.com



हुक्मनामा समाचार की ओर से सभी को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं




# महाकुंभ का शुभारंभ



## महाकुंभ में 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई

**प्रयागराज।** महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर सुबह 4 बजे से पहला स्नान चल रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 44 घाटों पर शाम 6 बजे तक 1 करोड़ 65 लाख श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। भक्तों पर हेलिकॉटर से फूलों की वर्षा की गई। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है। यह वही संयोग है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं।

भीड़ इतनी है कि 3700 लोग अपनों से बिछड़ गए। बाद में खोया-पाया केंद्र से अनाउंसमेंट कर ज्यादातर लोगों को उनके परिवार वालों से मिलवाया गया। हेलिकॉप्टर और हस्त्र कमांडो महाकुंभ में आए लोगों पर नजर रख रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं। आज से ही श्रद्धालु 45 दिन का कल्पवास शुरू करेंगे। संगम पर एंट्री के सभी रास्तों पर भक्तों की भीड़ है। वाहनों की एंट्री बंद है। श्रद्धालु बस और रेलवे स्टेशन से 10-12 किलोमीटर पैदल चलकर संगम पहुंच



रहे हैं। 60 हजार जवान सुरक्षा और व्यवस्था संभालने में लगे हैं। पुलिसकर्मी स्पीकर से लाखों की संख्या में आई भीड़ को मैनेज कर रहे हैं। जगह-जगह कमांडो और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात हैं। एपल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरिन पॉवेल जॉब्स महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने निरंजनी अखाड़े में अनुष्ठान किया। कल्पवास भी करेंगी।

### सीएम योगी ने दिया धन्यवाद

सीएम योगी ने सोमवार शाम एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- मानवता के मंगलपर्व महाकुंभ 2025 में पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुंभ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद!

महाकुंभ को लेकर गूगल ने भी खास फीचर शुरू किया। महाकुंभ टाइप करते ही पेज पर वर्चुअल फूलों की बारिश हो रही है।

## देशभर में हर्षोल्लास से लोहड़ी पर्व मनाया

### मकर संक्रांति पर्व आज....

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लोहड़ी का पर्व सोमवार को देशभर में अनेक स्थानों पर परंपरागत उत्साह और उमंग से मनाया गया। अलाव जलाकर गीत और संगीत के साथ लोहड़ी पूजन कर रेवड़ी, मूंगफली आदि का भोग लगाया गया। महिलाओं ने लोहड़ी की आग के चारों ओर परिक्रमा करते हुए त्योहार की खुशियां साझा कीं। खास बात यह है कि पूरे देश में लोहड़ी का त्यौहार बड़ी हरसोलश के साथ मनाया जाता है सकरात से



एक दिन पहले लोहड़ी आती है और इस दौरान देशभर में लोग इस त्यौहार को बड़े खास तरीके से मनाते हैं नए साल आने के बाद यह पहला त्यौहार होता है जब लोग सादगी से इस त्यौहार को मानते हैं।

**मकर संक्रांति आज...** वहीं मंगलवार को मकर संक्रांति है मकर संक्रांति देशभर में हर्षालस के साथ मनाया जाता है. देशभर के अंदर एक अलग ही उत्साह के साथ मनाई जाती है।

### भारत ने बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर को तलब किया

**नई दिल्ली ।** भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के विवाद को लेकर भारत ने सोमवार को बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया है। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाईकमिश्नर को समन किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाईकमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर बीएसएफ की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था। बांग्लादेश ने आरोप लगाया कि भारत बॉर्डर को लेकर द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए बॉर्डर पर पांच स्थानों पर फेंस लगाने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी बीएसएस ने बताया कि भारतीय हाई कमिश्नर ने बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीमउद्दीन के साथ करीब 45 मिनट इस मुद्दे पर बात की।

## पीएम मोदी ने सोनमर्ग टनल का इनॉगरेशन किया



**श्रीनगर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में जेड मोड़ टनल का इनॉगरेशन किया। श्रीनगर-लेह हाइवे एनएच-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी। टनल बनने से लोगों को ऑल वेदर कनेक्टिविटी मिलेगी। टनल का इनॉगरेशन करते हुए पीएम ने कहा, जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। आप पक्का मानिये ये मोदी है वादा करता है तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। उधर, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा। जेड मोड़ टनल के इनॉगरेशन के बाद श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी अब 15 मिनट में पूरी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री का कृषक हित में महत्वपूर्ण निर्णय

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न कृषि उपज मंडियों में 6 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों को दी मंजूरी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषकों की आय में वृद्धि कर उनके जीवन को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने गत एक वर्ष में कृषक हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इन फैसलों में किसान सम्मान निधि में वृद्धि, गेंहू के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, बड़ी संख्या में नए कृषि कनेक्शन तथा किसानों को बिजली के बिलों में अनुदान सहित कई फैसले शामिल हैं। साथ ही, कृषि उत्पादों के प्रभावी विपणन हेतु मंडियों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य की विभिन्न कृषि उपज मंडियों में 6 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी है। इनमें कृषि उपज मंडी समिति सीकर की विशिष्ट प्याज गौण मंडी यार्ड रसीदपुरा में 74 लाख रुपये के नवीन निर्माण कार्य, कृषि उपज मंडी समिति (विशिष्ट श्रेणी) बूंदी के अंतर्गत नवीन मंडी प्रांगण कुंवारती में 2.58 करोड़ रुपये से अधिक के विद्युत व निर्माण कार्य, कृषि उपज मंडी समिति पीपाड़ शहर, जोधपुर के गौण मंडी यार्ड आसोप में 90.86 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण एवं सोलर स्ट्रीट लाइट के कार्य तथा कृषि उपज मंडी समिति नगर, डीग के अंतर्गत मुख्य मंडी यार्ड में 1.76 करोड़ से अधिक की लागत से डोम निर्माण कार्य शामिल हैं।

### लगातार चौथे दिन टूटा बाजार, सेंसेक्स 1048 अंक गिरा

**मुंबई ।** 13 जनवरी को शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 1048 अंक की गिरावट के साथ 76,330 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 345 अंक की गिरावट रही, ये 23,085 के स्तर पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉलकैप 2,126 अंक (4.03 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 50,596 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट और केवल 4 में तेजी रही।

### पटेला री पोल

आसमान पर पतंगे होगी, होगा कटे कटे का शोर
पक्षियों की शामत समझो, कई की हो जाएगी भोर
महत्व मकर का पोराणिक है, दान पुन्य होता सब ओर
समझने वाले समझे इसको, बाकी ज्यादा पतंग का जोर

..मुखिया जी

## प्रदेशभर में शीतलहर का प्रकोप

### 15 जनवरी से फिर ओले-बारिश का अलर्ट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में 15 जनवरी को एक बार फिर बारिश और ओले गिरेंगे। बीकानेर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग के 18 जिलों में बादल छाने, बारिश होने और कहीं-कहीं ओले गिरने की आशंका के साथ येलो अलर्ट जारी किया गया है। तेज सर्दी को देखते हुए जयपुर समेत 19 जिलों के स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। अजमेर शहर आज सुबह 10 बजे तक कोहरे के आगोश में रहा। सड़कों पर वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही रही। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा। सर्द हवा ने लोगों को कंपकंपा दिया।

### मुख्यमंत्री 16 जनवरी को कर्मचारी संगठनों के साथ करेंगे बजट पूर्व संवाद

## राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास और जनकल्याण की भावना के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व तथा दूरगामी सोच के साथ समाज के हर वर्ग के हित में निरंतर निर्णय लिए जा रहे हैं। विकसित राजस्थान 2047 के ध्येय के साथ सरकार आगामी राज्य बजट वर्ष 2025-26 की रूपरेखा तैयार कर रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न वर्गों के साथ 16 जनवरी से 22 जनवरी तक बजट पूर्व संवाद कर उनके अमूल्य सुझाव लेंगे। इस क्रम में 16 जनवरी (गुरूवार) को शर्मा राज्य के कर्मचारी संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे।

आमजन को पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने में कर्मचारियों की एक कर्मयोगी के रूप में अहम भूमिका होती है। राज्य सरकार की नीतियों और विजन को कर्मचारी ही धरातल पर मूर्त रूप देते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं को रोजगार देने तथा राजकार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुशल कार्मिकों की आवश्यकता देखते हुए हेतु राज्य सरकार ने 5 वर्षों में 4 लाख पदों पर सरकारी नियुक्तियां देने का लक्ष्य रखा है। अब तक 59 हजार से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं तथा लगभग 15 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही लगभग 81 हजार पदों पर भर्ती परीक्षाओं का कलेण्डर भी जारी किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने अंतरिम राज्य बजट एवं परिवर्तित राज्य बजट में कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इनमें पदोन्नति के लिए डीपीसी हेतु 2 वर्ष की छूट, आरजीएचएस के अन्तर्गत चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने हेतु महिला एवं पुरूष कार्मिकों को अपने माता-पिता अथवा सास-ससुर में से किसी एक को चुनने का विकल्प देना, प्रतिवर्ष 30 जून को सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों को 1 जुलाई से एक काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ देना, ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने, पेंशनर्स को देय आउटडोर चिकित्सा सेवा की व्यय सीमा को 30 हजार रूपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये करने तथा 1 अप्रेल, 2024 के बाद कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन देने जैसी घोषणाएं शामिल हैं।




CMYK

हुक्मनामा समाचार रोजाना अपने वाट्सअप पर प्राप्त करने के लिए 7737377077 पर मैसेज करे

## क्यारी वाले हनुमान मंदिर में पौषबड़ा प्रसादी का वितरण



**पावटा ( हुक्मनामा समाचार )।** प्रागपुरा कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर स्थित बालाजी सेवा समिति सदस्यों द्वारा सोमवार को पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्यारी वाले हनूमान जी को भोग लगाकर पौषबड़ा प्रसादी का वितरण हुआ। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालूओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। मंदिर पुजारी बद्रीदास ने कहा कि धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता के प्रतीक होते है। उन्होंने लोगों से धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। आयोजक समिति सदस्य राहुल मीणा व कालू पेन्टर ने बताया कि रात्रि में सुंदर कांड पाठ व दोपहर में हनूमान जी के हलुवा पूड़ी का भोग लगाकर पंगत प्रसादी का वितरण हुआ। जहाँ क्षेत्रवासियों ने हनूमान जी के धोक लगाकर सुख समृद्धि व शांति की कामना की।

## पीएम इस्माइलपुर की छात्राओं ने जानी नगर परिषद, नवोदय स्कूल एवं नर्सरी के कार्य प्रणाली



**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** पीएम श्री हरित विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों के साथ साझेदारी के तहत पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय इस्माइलपुर की कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने जवाहर नवोदय विद्यालय खैरथल नगर परिषद खैरथल एवं राज्य के पौधशाला खैरथल का भ्रमण किया। प्रधानाचार्य जितेंद्र गहलावत ने बताया कि पीएम श्री स्कूलों की हरित विद्यालय योजना के तहत कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को फील्ड विजिट के रूप में नगर परिषद की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया नगर परिषद कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रमेश जी वरिष्ठ सहायक श्री सुबे सिंह यादव चोखम दत्त शर्मा जी फायरमैन मनोज यादव ने नगर परिषद की पूरी कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया। वन अधिकारी चंद्र प्रकाश शर्मा नर्सरी खैरथल ने सभी छात्रोंओ को पौधे तैयार करने की विभिन्न विधियां बताई एवं पर्यावरण के लिए पौधों के महत्व को समझाया। ट्यूनिंग आफ स्कूल के तहत जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय का विजिट किया जिसमें विद्यालय के कंप्यूटर लैब रसायन विज्ञान लैब भौतिक विज्ञान लैब डिजिटल लाइब्रेरी इंडोर एवं आउटडोर गेम आवासीय व्यवस्था नवोदय विद्यालय की संपूर्ण जानकारी विद्यालय के उप प्रधानाचार्य पी सी कान्व एवं पीजीटी हंसराज गुर्जर द्वारा छात्राओं को दी गई। सभी तरह की जानकारी पाकर सभी छात्राएं खुश नजर आई। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र गहलावत ने सभी नवोदय स्कूल,नर्सरी एवं नगर परिषद कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद प्रेषित किया इस अवसर पर चरण सिंह प्रीति चौधरी सुमन यादव एवं नरेंद्र यादव वरिष्ठ अध्यापक उपस्थित रहे।

## अति कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बालकों के लिए लाडेसर योजना का शुभारंभ



**जमवारामगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विधानसभा क्षेत्र जमवारामगढ़ में चिन्हित अति कुपोषित 69 बच्चे एवं मध्यम कुपोषित 350 बच्चों को जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी की महत्वाकांक्षी योजना लाडेसर योजना के तहत जमवारामगढ़ उपखंड में 13 जनवरी 2025 को शुभारंभ किया गया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनुसूया पारीक ने बताया की योजना में भामाशाह अथवा दानदाताओं से पोषाहार किट तैयार करवाए जाकर उनके सौजन्य से वितरित करवाए जाने हैं। लाडेसर पोषाहार किट प्रति बच्चों को 3 महीने के लिए तीन किट दिए जाने हैं। लाडेसर किट वितरण समारोह के अवसर पर उपखंड अधिकारी ललित मीना एसीएम निधि मीना, पूर्व सरपंच घनश्याम सैनी, सीबीईओ अनीता शर्मा,सीडीपीओ अनसूया पारीक एवं आंधी सीडीपीओ विमला वर्मा की उपस्थिति में किए गए। जमवारामगढ़ सेक्टर के 23 बच्चों को भामाशाह एवं पूर्व सरपंच घनश्याम सैनी एवं परियोजना आंधी के बहलोड़ गांव में भामाशाह बिरजी गुर्जर एवं छोटूराम द्वारा सेक्टर के 27 बच्चों को किट वितरित किया गया। इस योजना का उद्देश्य कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों की शारीरिक व मानसिक वृद्धि में सुधार किया जाना है। उपरोक्त कार्यक्रम में ब्लॉक सुपरवाइजर सर्वेश धाभाई, वरिष्ठ सहायक उर्मिला शर्मा एवं परसराम सैन सहित समस्त महिला पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रही।


## बालश्रम व भिक्षावृत्ति रोकथाम को लेकर खेतरपाल व रामदेव मंदिर का सीडब्ल्यूसी मजिस्ट्रेट गोयल ने पुलिस के साथ किया निरीक्षण



**रावतसर ( हुक्मनामा समाचार )।** बालश्रम व भिक्षावृत्ति रोकथाम को लेकर आज बाबा खेतरपाल व बाबा रामदेव मंदिर पर पॉश मास पूर्णिमा पर लगे मेले का सीडब्ल्यूसी मजिस्ट्रेट जितेंद्र गोयल ने रावतसर पुलिस के साथ निरीक्षण किया जिस पर दुकानदारों को बच्चो से बालश्रम नही करवाने को लेकर समझाइस की और विशेष तौर से बच्चों से प्रसाद बेचने के बहाने से श्रद्धालुओं के हाथ धुलाने व खुशामत नही करवाने के लिए पाबंद किया व मेले में भिक्षावृत्ति करने आई कुछ वृद्ध महिलाओं के साथ बच्चे आये हुए थे उन्हें बच्चों को ढाल बनाकर भिक्षावृत्ति नही करने को पाबंद करते हुए मेले क्षेत्र से अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना करते हुए भविष्य में बच्चों के साथ भिक्षावृत्ति करते हुए मिलने पर कार्यवाही की चेतावनी दी मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं को बच्चों को नगद में भिक्षा नही देने के लिए जागरूक किया गोयल ने श्रद्धालुओं को जागरूक करते हुए बताया कि अगर आप बच्चों को नगद में भिक्षा नही दोगे तो बच्चों के परिजन इन्हें भिक्षा के लिए नही भेजेंगे जिससे बाल भिक्षावृत्ति पर बड़ा अंकुश लगेगा आपकी छोटी जागरूकता से बच्चों का बचपन बच्च पायेगा 7निरीक्षण के दौरान सहायक उप निरीक्षक रामपाल गोदारा,कॉन्स्टेबल अमन सिंह, कॉन्स्टेबल सुभाष कुमार आदि मौजूद रहे।

## कोटकासिम में एडीजे कोर्ट की मांग

# हाई कोर्ट रजिस्ट्रार से मिला अभिभाषक संघ का शिष्टमंडल



**कोटकासिम ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल प्रमिल माथुर से जयपुर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र शांडिल्य के नेतृत्व में कोटकासिम बार एसोसिएशन का शिष्टमंडल मिला। शिष्टमंडल ने कोटकासिम उपखंड में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय की स्थापना के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिष्टमंडल ने बताया कि कोटकासिम में पहले से सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय 2015 से कार्यरत है। उपखंड अधिकारी का कार्यालय 2002 से मौजूद है। हालांकि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश का न्यायालय नहीं होने से नागरिकों को 23 से 50 किमी दूर किशनगढ़बास जाना पड़ता है। उन्होन बताया की कोटकासिम क्षेत्र से जुड़े 96 0 मुकदमे किशनगढ़बास के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में लंबित हैं। अधिवक्ताओं को प्रत्येक माह सिर्फ छह कार्यदिवस में मामलों की सुनवाई के लिए मौका मिलता है। जिससे मुकदमों का निस्तारण लंबे समय तक लंबित रहता है। वही शिष्टमंडल ने रजिस्ट्रार जनरल को अवगत कराया कि कोटकासिम में न्यायालय के लिए 2 बीघा भूमि पहले ही आवंटित हो चुकी है। क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए शीघ्र अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश न्यायालय की स्थापना की मांग की गई है।

राजस्थान उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल प्रमिल माथुर ने आश्वासन देते हुए कहा कि शिष्टमंडल के द्वारा मांग पत्र पर आधिकारिक फीडबैक लेकर जल्दी ही निर्णय लेने की बात कही। शिष्टमंडल ने कहा कि कोटकासिम में न्यायालय की स्थापना से न केवल मुकदमों का त्वरित निस्तारण होगा बल्कि नागरिकों और अधिवक्ताओं का समय और संसाधन भी बचेगा। शिष्टमंडल में कोटकासिम बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विकास यादव, संरक्षक एडवोकेट रविंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट चिरंजीव राव, एडवोकेट रमेश भंडारी और एडवोकेट हरिप्रसाद शामिल थे।

## श्रीमद्भागवत कथा, परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म और वराह अवतार के प्रसंग का किया वर्णन



**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन सोमवार को वृंदावन से पधारे कथा वाचक डॉ. सुरेश शास्त्री ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित वराह अवतार का प्रसंग सुनाया। कथावाचके ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान दरोगा गौड, संगीत शर्मा, वीरेश दंडौतिया, रिंकू, नितेन्द्र द्वारा गाए भजनों पर श्रद्धालु जम कर झूमें। कथा के अंत मे महंत मनोज दास महाराज व भक्तगणों ने कथापीठ की आरती की। कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरूष कथा सुनने पहुंचे।

## गायत्री परिवार की युवा टीम दिया के द्वारा युवा चेतना महोत्सव कई अच्छे संकल्पों के साथ संपन्न

# युवाओं के द्वारा युवाओं के लिए किया गया भव्य कार्यक्रम

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित, भामाशाहों का किया सम्मान




**नवलगढ ( हुक्मनामा समाचार )।** नवलगढ़ स्थानीय पुरानी नगर पालिका के पास गायत्री शक्तिपीठ नवलगढ़ में अखिल विश्व गायत्री परिवार ,शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार एवं नवलगढ़ गायत्री परिवार की युवा टीम दिव्य भारत युवा संघ छ्ठ्ठ्ठ की ओर से आज विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा चेतना महोत्सव का आयोजन किया गया।

दिव्य भारत युवा संघ जिला झुंझुनू के संयोजक बैंक मैनेजर संदीप कुमार दायमा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि गायत्री परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी डॉक्टर भास्कर बी.रावल तथा अध्यक्षता हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष मोहनलाल चूड़ीवाल थे तथा विशिष्ट अतिथि एलायंस इंटरनेशनल क्लब के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दयाशंकर जांगिड़, रामकुमार सिंह राठौड़, पालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन कैलाश चोटिया, डॉक्टर राजेश यादव, बाय सरपंच तारा पूनिया थे।

सभी अतिथियों ने देव चित्र एवं विवेकानंद जी के चित्र पर दीपक जलाकर पुष्प चढ़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

गायत्री परिवार नवलगढ़ के संयोजक गायत्री विद्यापीठ के प्रधानाचार्य शिक्षाविद कृष्ण कुमार दायमा गायत्री ने अतिथियों का स्वागत भाषण दिया।

जिला संयोजक संदीप कुमार दायमा ने गायत्री परिवार ओर युवा टीम द्वारा किया जा रहे शिक्षा,साधना, नशामुक्ति आंदोलन , पर्यावरण संरक्षण तथा कुरीति उन्मूलन हेतु कार्यों का विवरण दिया तथा भावी योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। गायत्री विद्यापीठ की वाइस प्रिंसिपल ज्योति दायमा ने विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विभिन्न कॉलेजों के लगभग 60 चयनित प्रतिभागियों के लिए विभिन्न विषयों पर वर्क शॉप आयोजित की गई ,जिसमें व्याख्याता विजय दायमा ने मंत्र फॉर सक्सेस,बच्चों को सफलता के 10 टिप्स बताए। एडवोकेट सुश्री सोनू चावला ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी विषय , रोहिताश जांगिड़ ने सोशल मीडिया एवं रिलेशनशिप तथा ज्योति दायमा ने सामाजिक समरसता पर व्याख्यान दिया।

## पतंगबाजी से घायल पक्षियों की जान बचाने के लिए लगाए पक्षी उपचार शिविर




**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मकर सक्रांति पर पतंगबाजी से बेजुबान परिंदे पतंग की डोर में फंसकर घायल हो जाते हैं। घायल पक्षियों की जान बचाने के लिए जयपुर शहर में अनेक स्थानों पर पक्षी उपचार शिविर लगाए जा रहे हैं। ऐसा ही एक घायल पक्षी सहायता केन्द्र राजस्थान जनमंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय की और से शांति पथ, तिलक नगर स्थित चंद्रा इंडस्ट्रीज पर 13 से 15 जनवरी तक लगाया गया है। इस निशुल्क शिविर में चिकित्सकों सहित प्रशिक्षित कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है। राजस्थान जनमंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय के यूथ विंग के अध्यक्ष एडवोकेट रवि खत्री ने बताया कि पक्षी सहायता केन्द्र का शुभारम्भ स्थानीय पार्षद महेश सैनी, भाजपा विधानसभा संयोजक ब्रह्म कुमार सैनी, नगर निगम समिति चैयरमेन लक्ष्मण सिंह नूनीवाल ने किया। इस अवसर पर राजस्थान जनमंच के महासचिव कमल लोचन, अशोक भगत, भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, चंद्रा इंडस्ट्रीज के श्याम खत्री, राजेंद्र खत्री, सूरज खत्री, प्रोफ़ेसर मोनिका ओझा खत्री सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। यूथ विंग के अध्यक्ष एडवोकेट रवि खत्री ने बताया कार्यकर्त्ता घर घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे है। क्षेत्र के निवासियों से अपील की है सुबह और शाम के समय पक्षियों के स्वच्छंद विचरण को देखते हुए इस समय पतंगबाजी नहीं करें। चाइनीज मांझे का उपयोग भी वर्जित है। यह आमजन और पक्षियों की जान के लिए भी घातक होता है। पतंगबाजी से घायल पक्षी को तुरंत सहायता केंद्र में पहुंचाएं ताकि समय पर इलाज़ कर उनकी जान बचाई जा सके।

**मकर संक्रान्ति पर विशेष**

## आस्था और विश्वास का संगम है गंगासागर

**◆रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। गंगासागर सिर्फ़ एक तीर्थस्थल नहीं है। यह भावना, संस्कृति, आस्था और विश्वास का संगम है। जीवन का उत्सव है। धर्म हमेशा से ही इस भूमि की संस्कृति में समाया हुआ है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है। मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरु हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं।

मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार।

हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं। जिन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रान्ति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। सुन्दरवन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है।तूफान व ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग तथा छोटी छोटी नदियां, नहरें भी है। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगाजी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिये एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गयी थी। मन्दिर की मूर्ति अब कोलकाता में रहती है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा अर्चना के लिये मिलती है। गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है।

ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे।

गंगासागर का मेला 5 दिन तक चलता है। इस दौरान तीर्थयात्री लोग मुंडन, श्राद्ध, पिण्डदान और समुद्र में पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर था जोकि समुद्र में समा गया। 1973 में यहाँ कपिल मुनि का नया मंदिर बना जहां श्रद्धालु दर्शन करते हैं।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION BEAWAR**

**NIB NO. : PWD2425A3732**

**Notice Inviting Bid No. 34/2024-25**

Bids for 01 No. Works are invited from interested bidders upto 12.00 PM 15 Jan. 2025. Other particular of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the State, and DIPR departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 14.63 Lacs.

| S.No. | NIB NO | UBIN NO | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425A3732 | PWD2425WSOB13522 | 14.63 |

DIPR/C/586/2025

(V.S. Shekhawat)
Executive Engineer
PWD, Division Beawar.

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

PUBLIC HEALTH AND ENGINEERING DEPARTMENT, DIVISION BEAWAR

PHONE : 01462-294205, Email : ee.bwr.ajm.phed@rajasthan.gov.in

No. : EE/DIV BWR/2024-25/4409-25 DATED : 08/01/2025

**ONLINE NOTICE INVITING FOR TENDERS**

Online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajsthan for the following works from enlisted contractors with the PHED Rajasthan and meeting eligibilly criteria. The tender document can be downloaded from the web site http://eproc.rajasthan.gov.in in details of the tender notification and pre-qualification criteria can also seen in NIT exhibited on web site http://sppp.rajasthan.gov.in

**NIB CODE : PHE2425A3821**

| NIT No. | Work Description | Estimated Cost (Rs. in Lacs) | Earnest Money (in Rs) in favour tender inviting authority | Tender Cost (in Rupee) in favour of tender inviting authority | Processing Charges (in Rs.) in favour of MD. RISL, Jaipur | Period of Contract |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 69/24-25 | Work for repairing and rewinding of submersible, centrifugal and mond block pump sets under various wss in Sub Division Jaitaran Under Jurisdiction Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08075) | 15.00 | 30000/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 70/24-25 | Lowering/Unlowering at Various wss Tube well/open well in Sub Dn. Jaitaran Under Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08076) | 15.00 | 30000/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 71/24-25 | Lowering/Unlowering at Various wss Tube well/open well in Sub Dn. Raipur Under Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08078) | 15.00 | 30000/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 72/24-25 | Work of repairing and Maintenance of Hand Pumps at various locations in Production sub Division Beawar Under Dn. Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08080) | 27.66 | 55320/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 73/24-25 | Revenue work Related to water Supply I.E. Preparation of Water Bill, Distribution of Bill, Preparation of Ledger and mis Reports ETC. in Raipur City Under Jurisdiction of Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08082) | 4.90 | 9800/- | 200/- | -- | 24 Months |

**नोट :** निविदा संख्या 73/24-25 Offiline Mode में आमन्त्रित की गई है। जो कि दिनांक 17.01.2025 को दोपहर 01.00 तक बेची जाकर उसी दिन दोपहर 2.00 बजे तक निविदा बिड प्राप्त की जाकर दोपहर 03.00 बजे खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 08.01.2025 से 17.01.2025 दोपहर 01.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.01.2025 से 17.01.2025 दोपहर 01.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.01.2025 से 17.01.2025 दोपहर 01.00 बजे तक |
| प्री-क्वालीफिकेशन बिड खोलने की तिथि एवं समय | 17.01.2025 दोपहर 03.00 बजे |

Earnest Money/Bid Security, Tender Document Cost, and RISL Charges shall be deposited through e-Challan over e-GRASS website online in Favour of Executive Engineer, PHED Division Beawar (Office ID-11132) for NIT.

| S.No. | Details | Budget Head | Deposited through online e-Challan over website e-GRASS |
|---|---|---|---|
| 1. | Earnest Money | 8443-00-108-00-00 लोक निर्माण विभाग | In Favour of Executive Engineer,PHED Division Beawar (Office ID-11132) |
| 2. | Tender Document Cost | 0075-00-800-52-01 निविदा शुल्क की प्रासियां | |
| 3. | RISL Charges | 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग | In Favour of RISL, Jaipur |

DIPR/C/479/2025

(DHANNARAM CHOUHAN)
EXECUTIVE ENGINEER
PHED DIVISION, BEAWAR

टूर ऑपरेटरों, होमस्टे मालिकों, होटलों और पर्यटक गाइडों के लिए आयोजित हुई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

# राजस्थान को पर्यटन में नम्बर वन बनाने के लिए पर्यटकों को मिले यूनिक अनुभवः दिया कुमारी



**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है दूर-दराज के निर्जन क्षेत्रों को भी पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर लोकप्रिय डेस्टिनेशन बनाने की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजनरी क्षमता का अनुकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटक स्थलों पर ट्रेफिक की समस्या के समधान सहित राजस्थान को पर्यटन में नंबर एक बनाने लिए बेहतरीन सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान आने वाले पर्यटकों को यूनिक और अद्भुत अनुभव दिलाने की दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा कि हम विश्व स्तरीय सेवाओं और सुविधाओं से ही राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी बना सकते हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में सोमवार को जयपुर स्थित होटल द ललित में पर्यटन विभाग, फिक्की और द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में टूर ऑपरेटरों, होमस्टे मालिकों, होटलों और पर्यटक गाइडों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन विकास के लिए प्रधानमंत्री विशेष रूचि रखते हैं। इसी के अनुकरण में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने टूर ऑपरेटर, होमस्टे मालिक, होटल और पर्यटक गाइड और ड्राइवर्स तथा पर्यटन से जुड़े अन्य लोगों को बेहतर प्रशिक्षण से उनकी क्षमता संवर्धन के लिए राइजिंग राजस्थान प्री समिट (पर्यटन) में मंच से ही निर्देश दिए थे। जिस पर डॉ. ज्योत्सना सूरी, पूर्व अध्यक्ष, फिक्की और सीएमडी, द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप ने ऐसा करने की सहमति दी थी। जिसकी अनुपालना में यह क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उन्होंने इस हेतु मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान को पर्यटन में नम्बर एक बनाने के लिए यहां आने वाले पर्यटकों को यूनिक और अद्भुत अनुभव मिले इसके लिए हम सब को राजस्थान पर्यटन की एक टीम रूप में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए ट्रैफिक की समस्या के समाधान सहित स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाओं के विकास किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में इन्हीं विषयों पर चर्चा कर सुझाव दिए जाएंगे। साथ ही सभी सहभागियों से सुझाव आमंत्रित हैं। जिसके आधार पर एक बेहतर कार्ययोजना बनाकर हम सभी राजस्थान को पर्यटन क्षेत्र का सिरमौर बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं जो कि राजस्थान के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने टूर ऑपरेटर, होमस्टे मालिक, होटल और पर्यटक गाइड, ड्राइवर तथा पर्यटकों के संपर्क में आने वाले प्रत्येक इंडिविजुअल का आह्वान किया कि वे सब अपने स्तर पर राजस्थान पर्यटन को बढ़ावा दें।पर्यटकों से चर्चा करें उन्हें यहां की पर्यटन विशेषताओं के बारे में सही जानकारी दें। दिया कुमारी ने टूर ऑपरेटर, होमस्टे मालिक, होटल और पर्यटक गाइड सभी का इस बात के लिए भी आह्वान किया कि वे राजस्थान में आने वाले पर्यटकों से आग्रह करें कि वे राजस्थान में जिस भी पर्यटक स्थल पर जाएं वहां पर्यटन विशेषताओं का खूब आनंद लें और वहां जो कुछ भी देखें उनका फोटो और वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी शेयर करें। इससे राजस्थान के पर्यटन क्षेत्रों के प्रति वैश्विक स्तर पर उत्सुकता बढ़ेगी। उन्होंने जयपुर में आयोजित होने वाले ट्रेवल मार्ट्स को राजस्थान के अन्य शहरों में भी आयोजित किए जाने का भी सुझाव दिया जिससे कि अन्य शहरों में भी पर्यटन विकास के नए अवसर पैदा हों सके। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए शासन सचिव पर्यटन श्री रवि जैन ने कहा कि हमें राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र में वैल्यू एडिशन्स करने होंगे। शासन सचिव ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के दिशा-निर्देशन में प्रदेश में नए पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है साथ ही राजस्थान पर्यटन के प्रमोशन के लिए तेज गति से काम किया जा रहा है।

# मकर संक्रान्ति पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मकर संक्रान्ति (14 जनवरी) पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बागडे ने अपने संदेश में कहा है कि मकर संक्रांति जीवन के उजास का प्रतीक पर्व है। सूर्य की आराधना का यह पर्व हमें जीवन में सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करता है। बागडे ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि संक्रांति पर पतंग उड़ाते समय चाइनीज मांझे का प्रयोग नहीं करें। उन्होंने इस पर्व पर सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य, सौभाग्य और समृद्धि की कामना की है।

राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त परीक्षा समिति की बैठक

# प्रश्न पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता हो : शिक्षा मंत्री



**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा आगामी 6 मार्च से प्रारम्भ होनी है। उक्त परीक्षाओं के सफल आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त परीक्षा समिति की बैठक सोमवार को सचिवालय में आयोजित हुई। साथ ही आगामी रीट परीक्षा के सफल आयोजन की तैयारियों की भी शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। शिक्षा मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर गलत विषय के पेपर का वितरण जैसी त्रुटियों से बचे तथा विद्यार्थियों को समय पर प्रवेश के लिए पूर्व में ही निर्देश दिए जाएं। प्रश्न पत्रों के स्ट्राँग बोक्स की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस विभाग के अधिकारी पूर्ण रूप से ध्यान रखें। श्री दिलावर ने कहा कि सभी बोर्ड परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल, टॉयलेट व बिजली की उचित व्यवस्था हो। शिक्षा मंत्री ने आगामी रीट परीक्षा के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा केन्द्र के आस-पास के अन्नपूर्णा रसोई केन्द्रों में खाने की व्यवस्था सुचारू हों। जहां बैठने की उचित व्यवस्था के साथ खाने की सामग्री में गुणवत्ता व मात्रा में कोई कमी न हो। रीट परीक्षा के पारदर्शी, निष्पक्ष तथा सफल आयोजन के लिए संदिग्ध लोगों को परीक्षा व्यवस्था से दूर रखें और उन्हें पाबन्द करें जिससे बिना किसी व्यवधान के सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुचारू रूप से परीक्षा का आयोजन हो सकें।

# मकरसंक्रांति पर जयपुर के पशु चिकित्सा संस्थानों के कार्मिक नहीं करेंगे अवकाष का उपभोग, करेंगे घायल पक्षियों की सेवा

**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** षासन सचिव पशुपालन, गोपालन और डेयरी डॉ समित षर्मा ने कहा है कि मकर संक्रांति के दिन पॉलीक्लिनिक जयपुर सहित 16 अधीनस्थ पशु चिकित्सा संस्थाओं के किसी भी अधिकारी कर्मचारी को किसी प्रकार का अवकाष स्वीकृत नहीं होगा। ये सभी संस्थाएं बुधवार को मकर संक्राति के अवसर पर जयपुर षहर में होने वाली पतंगबाजी से घायल पक्षियों के उपचार के लिए सुबह 6 बजे से षाम के 8 बजे तक खुली रहेंगी। इसके अलावा 20 जनवरी तक जयपुर षहर केसभी पशु चिकित्सा संस्थानों का समय सुबह 6 बजे से षाम 8 बजे तक कर दिया गया है। डॉ षर्मा ने बताया कि संक्रांति के दिन घायल पक्षियों का उपचार करने के लिए मोबाइल यूनिट का भी गठन किया गया है। यह मोबाइल यूनिट सूचना प्राप्त होते ही घायल पक्षियों के उपचार के लिए निर्धारित स्थान पर पहुंच कर उनका इलाज करेगी। इस संबंध में आदेष जारी कर दिए गए हैं। पांच बत्ती स्थित पशु चिकित्सा पॉलिक्लीनिक को कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां लैडलाइन नंबर 01412373237 पर तथा डॉक्टर जितेंद्र राजोरिया से 9414228901 पर संपर्क किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा पशु चिकित्सालय हीरापुरा में डॉ अमित गोयल 90247 54721, गांधीनगर में डॉ अनिल कुमार षांडिल्य 94148 49055, दुर्गापुरा में डॉ नीरज षुक्ला 94140 28244, नाहरी का नाका में डॉ सुरेन्द्र सिंह षेखावत 98290 05334, सिरसी में डॉ विक्रमसिंह 94144 67759, हरमाड़ा में डॉ एन के वर्मा 96603 24545, पुरानी बस्ती में डॉ पुष्पेन्द्र कालोरिया 94147 26733, आदर्ष नगर में डॉ प्रवीण कुमार सोनी 98294 12052, आमेर में डॉ सुनील जैन 83024 37820, जगतपुरा में डॉ मोहनलाल मीणा 77424 39975, मानसरोवर में डॉ निरूपा सिरवी 94143 24891, जयपुर उत्तर में डॉ जितेंद्र कुमार 82900 15392, झोटवाड़ा में डॉ रामकृष्ण बोहरा 94144 54282, सांगानेर में डॉ कौषल मंडावरा 94138 05281 तथा पशु विकित्सालय जयपुर में डॉ राकेष कुमार चौधरी 94142 76460 से संपर्क किया जा सकता है। पशु चिकित्सा पॉलिक्लीनिक जयपुर के अंतर्गत घायल पक्षियों के मौके पर उपचार के लिए मोबाइल यूनिट का गठन भी किया गया है जिसके लिए डॉ जितेंद्र राजोरिया से संपर्क किया जा सकता है।

राजस्थान के माइनिंग सेक्टर का नवाचार

# देश विदेश की नई तकनीक और प्रावधानों से होंगे रुबरु

**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** देश व प्रदेश के मिनरल एक्सप्लोरेशन विशेषज्ञों और वाल्यूमेट्रिक आकलन में ड्रोन सर्वे तकनीक विशेषज्ञों 16 जनवरी को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जुटेंगे। प्रमुख शासन सचिव माइंस, भूविज्ञान एवं पेट्रोलियम श्री टी. रविकान्त ने बताया कि प्रदेश में इस तरह का यह पहला व सकारात्मक प्रयास होगा जिसका सीधा लाभ प्रदेश के माइनिंग सेक्टर के साथ ही इस सेक्टर से जुड़े स्टेक होल्डर्स को भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में केन्द्र व राज्य के सरकारी, सरकारी उपक्रमों के साथ ही निजी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

# राज्यपाल से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने की मुलाकात



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सोमवार को राजभवन में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने मुलाकात की राज्यपाल से केंद्रीय मंत्री यादव की यह शिष्टाचार भेंट थी**

# डबल शंकर महादेव मंदिरके पौषबड़ा महोत्सव में उमड़ा जन सेलाब

**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** बाबा हरिशचन्द्र मार्ग स्थित डबल शंकर महादेव मंदिर में पौष माह के अन्तिम रविवार को पौषबडा महोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें बडी संख्या में जन सेलाब उमडा और हजारों लोगो ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर बैण्ड बाजों, शंख नाद, नगाडों और घण्टे घडियालों के साथ भगवान शंकर की 1100 दीपको से आरती उतारी गई। 21 वर्षो से लगातार आयोजित हो रहे इस पौष बडा कार्यक्रम में बडी संख्या में राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विधायक और पार्षदगण भी शामिल हुए। डबल शंकर महादेव मंदिर विकास समिति के संयोजक शरद खण्डेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत् मंदिर में खूबसूरत झाकी सजाई गई और भगवान शंकर का भव्य श्रृंगार किया गया । रामलला की प्रथम वर्षगॉठ के मध्येनजर डबल शंकर महादेव मंदिर में रामलला की भी झॉकी सजाई गई । इस अवसर पर बाबा हरिश्चन्द्र मार्ग के मकानों को भी भव्य रोशनी से सजाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सैकडो भक्तो द्वारा भगवान शंकर की आरती उतारी गई।

# एमयूजे में ड्रग-फ्री कैम्पस और साइबर क्राइम पर जागरूकता सत्र का आयोजन

**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) में डीसीपी, जयपुर पश्चिम, अमित कुमार के मार्गदर्शन में नशा मुक्त परिसर और साइबर अपराध से बचाव पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को समाज में बढ़ते मुद्दों से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। सत्र के दौरान सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक, फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी, आर एस शर्मा ने नशामुक्त परिसर बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे उन पदार्थों से दूर रहें जो उनके अकादमिक और व्यक्तिगत विकास को प्रभावित कर सकते हैं। इसी बीच, चंद्र प्रकाश, एसीपी साइबर क्राइम जयपुर ने भारत में साइबर अपराधों की बढ़ती प्रवृत्ति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डाला और छात्रों को ऑनलाइन धोखाधड़ी पहचान चोरी और साइबर बुलिंग से बचने के लिए महत्वपूर्ण उपाय सुझाए। मणिपाल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ एन एन शर्मा ने स्थानीय की और इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया।

# जयपुर एयरपोर्ट के पास 13 कॉलोनियों में पतंगबाजी पर रोक

**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में एयरपोर्ट के बाद पतंगबाजी पर बैन लगाया गया है। एयरपोर्ट के आसपास करीब 1 किलोमीटर में रहने वाले लोग पतंगबाजी नहीं कर सकेंगे। इसके लिए पुलिस ने नोटिस भी जारी किया है। इसमें लिखा है कि मकर सक्रांति पर पतंग और लालटेन की पतंग का उपयोग न करें। गाइडलाइन को लागू करने के लिए डीसीपी ईस्ट ने सभी थाना पुलिस को नोटिस सर्व करने के आदेश दिए हैं। वहीं, इन नोटिस के बाद कॉलोनी के कुछ लोग परेशान हैं। जो इस बार अपने परिचितों के आवास पर जाकर पतंगबाजी करेंगे। बता दें कि जयपुर एयरपोर्ट से सटी करीब 13 कॉलोनी के लोगों को यह नोटिस जारी किया गया है। इसमें 5 से 6 हजार घर हैं। संबंधित थाना पुलिस ने इन कॉलोनियों के निवासियों को पतंगबाजी से रोक दिया है। वहीं, रात को उड़ने वाली लालटेन की पतंग पर कड़ी पाबंदी लगाई है। इस पर पूरी तरह से कंट्रोल के लिए इलाके में पुलिस वैन घूमकर लोगों को जानकारी दे रही है।

## पतंग की दुकान खोलने पर भी रोक

वहीं, इन कॉलोनी के आसपास लोगों को पतंग की दुकान खोलने पर भी रोक लगा दी गई है। पुलिस दुकानदारों को चेतावनी दी है कि वह पतंगबाजी का किसी भी प्रकार का सामान नहीं बेचें। अगर जानकारी सामने आई तो उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

## रात को लालटेन उड़ाने पर रखी पूरी पाबंदी

डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया- एयरपोर्ट डायरेक्टर की ओर से यह जानकारी हर साल संबंधित पुलिस को दी जाती हैं। हर साल लोगों को समझाया जाता है। पहली बार नोटिस सर्व किए गए हैं।

लोगों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास होना चाहिए कि एयरपोर्ट के 1 किलोमीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की पंतबाजी, ड्रोन या किसी भी प्रकार की कोई वस्तु को उड़ाना प्रतिबंधित होता है। नियमों की पालना कराने की जिम्मेदारी पुलिस की हैं। हमारी टीमें निरंतर एयरपोर्ट से एक किलोमीटर के दायरे में लोगों को समझा भी रही हैं। माइक से बोला भी जा रहा है कि पतंगबाजी न करें।


कार्यालय नगर पालिका मण्डल बांदीकुई (दौसा)
Email: bandikui.jaipur@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.बा./2025/4022-4024 दिनांक :- 10.01.2025

BID सूचना

समस्त पंजीकृत संवेदक/सामाजिक संस्थाओ को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बांदीकुई NIB Code. DLB2425A4874 तथा UBN No. DLB2425WSRC14864 कार्य करवाना चाहती है अतः इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक 17.01.2025 को मध्यानः 2:00 बजे तक अपनी दर ऑफलाईन प्रस्तुत कर सकते है। निविदा आनलाईन बेबसाईट http://sppp..goverment.gov.in पर देखी जा सकती है। निविंदा से संबंधित शर्ते उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका बांदीकुई

राज.संवाद/सी/24/10224


भामाशाहों के सहयोग से जयपुर जिला प्रशासन ने शुरू किया अभियान

# 5300 कुपोषित एवं 883 अति कुपोषित बच्चों को वितरित किया जाएगा लाडेसर किट



**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए लाडेसर अभियान का शुभारंभ किया गया।

अभियान के तहत स्वस्थ बचपन के सपने को साकार करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न दिशा में प्रयास किये जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक अरशदीप बरार ने बताया कि अभियान के तहत आगामी तीन माह तक प्रतिमाह जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों में से चिन्हित 5300 कुपोषित एवं 883 अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हेतु भामाशाहों के सहयोग से जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में लाडेसर किट का वितरण करवाया जाएगा। अभियान के तहत कम एवं अति कम वजन वाले बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर निगरानी रखी जाएगी। जिला कलक्टर ने लाडेसर अभियान में अपनी बहुमूल्य भागीदारी निभाने वाले सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया है।

पोषण से भरपूर है लाडेसर किट लाडेसर किट की सामग्री में प्राकृतिक रूप से प्रोटीन, कार्बोहाड्रेट, विटामिन्स, वसा, आयरन एवं अन्य पोषक तत्व शामिल किये गए हैं। पोषण किट की एक माह की खुराक के तहत लाडेसर खिचड़ी के लिए 250 ग्राम चनादाल, 250 ग्राम मोठ दाल एवं 1 किलोग्राम चावल तथा लाडेसर नाश्ते के लिए 250 ग्राम गुड़, 250 ग्राम मूंगफली एवं 500 ग्राम भूने हुए चने प्रदान किये जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक अरशदीप बरार ने बताया कि लाडेसर किट आगामी तीन माह तक प्रति माह प्रत्येक पात्र लाभार्थी को वितरण की जायेगी, जिसकी मॉनिटरिंग जिला प्रशासन एवं उपनिदेशक स्तर से अधीनस्थ बाल विकास परियोजना अधिकारी के माध्यम से प्रति सप्ताह की जायेगी। लाडेसर किट के उपयोग की सुनिश्चितता हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के माता-पिता से समझाइश की जाएगी एवं नियमित रूप से बच्चों की प्रति दस दिवस में वजन, ऊंचाई एवं लंबाई दर्ज की जाएगी।


महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन
एस-10, जनता कॉलोनी, जयपुर
पक्षी चिकित्सालय
घायल एवं जख्मी पक्षी को उपरोक्त पते पर पहुंचाने का कष्ट करें
24x7 Ph.: 0141-2613784
घायल पक्षियों को चिकित्सालय में पहुंचाकर जीव दया का धर्म लाभ लेवें
सम्पर्क : श्री दयानन्द शर्मा -7742925278, श्री दीनदयाल शर्मा - 6376257709
पक्षी चिकित्सालय का स्थान :
महावीर इन्टरनेशनल एसोसिएशन भवन
एस-10, जनता कॉलोनी, जयपुर फोन : 0141-2613784
वीर सुभाष गोलेछा, अध्यक्ष
वीर अनिल वैद्य, सचिव



स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय

### आसमान सबका है।



अभी इन दिनों पतंग का सीजन पूरे देश में है राजस्थान के जयपुर की पतंग बाजी दुनिया भर में मशहूर है। मकर संक्रांति के दिन पूरा आसमान रंग बिरंगी पतंग से पटा रहता है, यह सब देखने के लिए बाहर से लोग भी पहुंचते हैं विदेशियों के लिए पतंगबाजी के कार्यक्रम अलग होते हैं लेकिन इन सब का दुखद पहलू यह है कि आसमान पर विचरण करने वाले पक्षी इस पतंगबाजी के धागे में फंसकर लहु लुहान हो जाते हैं और मर जाते हैं।

आसमान सबका है हम तो अब 1 वर्ष में कुछ घंटे पतंग उड़ाते हैं लेकिन आसमान में पक्षी दिन होने से रात होने तक विचरण करते रहते हैं उनका रहने का घूमने का सब कुछ खुला आसमान है पतंगबाजी के चक्कर में हम उनका जीना दूभर कर देते हैं। यदि कुछ सावधानी हम लोग बरते तो बड़ी संख्या में पक्षियों को मरने और घायल होने से बचाया जा सकता है।

पक्षियों का सुबह अपने घोसलों से निकलने का और शाम को आने का समय होता है सरकार आम आदमी से गुहार करती है कि ऐसे समय पतंगबाजी रोक दें परंतु कोई मानता नहीं है चाइनीस मंजे पर भी सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है पर कोई सुनता नहीं है व्यापारी ज्यादा लालच के चक्कर में चाइनीस मांझा बेचते हैं यह घातक है इसमें करंट भी प्रभावित होता है स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है जानवर के घाव होने के बाद वह बचता नहीं है।

जो मांझा हवा में रह जाता है वीडियो में अटक जाता है या जमीन पर फालतू पड़ा रहता है उसे नष्ट करना चाहिए अन्यथा चिड़िया और कबूतरों के पैर में अटक जाता है और वह तड़प कर मर जाते हैं रात्रि के समय पतंग के साथ लैंप उड़ने का भी गलत शौक लग गया है जो गलत है इससे आगजनी का खतरा रहता है हमें इन सब बातों का ध्यान रखना होगा यह हमारी सुरक्षा के लिए भी जरूरी है जानवर पक्षियों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। संक्रांति का त्योहार ऐसा है जो धर्म जात बात से अलग होकर मनाया जाता है मनाया जाए उल्लास पूर्वक मनाया जाए लेकिन पक्षियों की स्वतंत्रता खतरे में नहीं डाली जाए और अपने को भी बचाए रखें।

**वैभव लोढ़ा............**

## क्रॉस फायर

❑ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नौजवानों को बताया अपना परम मित्र**

◆ **फिर भी नौजवानों के साथ ऐसा किया।**

❑ **स्मृति ईरानी का बड़ा आरोप आप विधायकों ने बनवाई अवैध प्रवासियों के जाली दस्तावेज और आधार कार्ड।**

◆ **फिर झूठ सच्चे आरोप के साथ राजनीति में एंट्री।**

❑ **भारत में सीमा पर बढाई सेना की तैनाती तो भड़क गया बांग्लादेश।**

◆ **क्योंकि आवक जावक पर रोक लग गई।**

❑ **अमित शाह बोले शरद पवार की विश्वास गति राजनीति दफन हुई।**

◆ **लगता है चोट गहरी लगी।**

❑ **मुख्यमंत्री भजनलाल बोले कौशल और उद्यमिता विकास से युवा बना आत्मनिर्भर।**

◆ **सरकार के भरोसे तो बेरोजगार ही रह जाए।**

❑ **मुख्यमंत्री भजनलाल का आप गहलोत सरकार की निष्क्रियता से बड़ा वैकेंसी बैकलॉग।**

◆ **उससे पहले की सरकारी तो एडवांस में करती थी नियुक्तियां।**

❑ **भाजपा संगठन में फेरबदल की कवायत महिलाओं को दी जाएगी तरजीह।**

◆ **पूरे संगठन का डब्बा गोल किस-किस को बदलोगे।**

❑ **शिवसेना पलटी इंडिया या बा गठबंधन को भंग करने की बात कभी नहीं की।**

◆ **तभी तो बोलते हैं ज्यादा बोलना अच्छा नहीं।**

**.............अंजू लोढ़ा**

# आज मकर सन्क्रांति: पुष्य नक्षत्र के साथ विशेष महत्व



रोशनलाल शर्मा

मकर संक्रांति का त्योहार मंगलवार को देश में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस बार मकर संक्रांति पर पुष्य नक्षत्र का भी शानदार संयोग आ रहा है। ऐसे में धर्म, दान और पूजा पाठ का विशेष फल मिलने वाला है।

मकर संक्रांति भारत में धर्म आस्था का त्योहार है। इस दिन तीर्थ स्थलों पर स्नान करने का भी प्रावधान है और दान पुण्य का भी महत्व है। पतंग का मकर संक्रांति पर कोई उल्लेख नहीं है ये तो कालान्तर में आमोद प्रमोद के हिसाब से इसमें जुड़ गई है। दरअसल मकर संक्रांति पुण्य कमाने का त्योहार है न की पतंगबाजी का है। हालांकि पिछले कई दशकों से युवा पीढ़ी इसे पतंगबाजी का ही त्योहार ही मानती है। पतंगबाजी का एक खास मामला ये जरूर है इसने कौमी त्योहार बना दिया है। जी हां पतंगबाजी मकर संक्रांति के दिन हिन्दू, मुसलमान, सिख और इसाई सभी सम्प्रदायों में की जाती है। साथ ही इस दिन तिल के लड्डु, गजक और फीणी का खान भी सभी सम्प्रदायों में होता है। इसलिए पतंगबाजी से लिहाज से ये कौमी एकता का भी त्योहार माना जा सकता है। राजस्थान में इस पर्व पर सुहागन महिलाएं अपनी सास को वायना देकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। साथ ही महिलाएं किसी भी सौभाग्यसूचक वस्तु का चौदह की संख्या में पूजन एवं संकल्प कर चौदह ब्राह्मणों को दान देती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। चूंकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, अतः इस दिन को मकर संक्रान्ति के नाम से जाना जाता है। मकर संक्रान्ति के दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं।

**पुष्य नक्षत्र और मकर संक्रांति**

पुष्य के साथ आने वाली मकर संक्रांति पर तीन विशेष उपाय करने चाहिए। थोड़ी सी केसर युक्त चावलों की खीर बनाइये और भगवान लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में उसका भोग लगाकर स्वयं भी उस प्रसादी को ग्रहण करें और उसे वितरित भी करें। इसी दिन थोड़ा तिल और गुड़ एक डिस्पोजल कटोरी में रखकर भगवान शिव के मंदिर में उनके चरणों में अर्पित कर आएं और उनसे अपने सभी कष्टों के निवारण की प्रार्थना कर आएं। तीसरा और महत्वपूर्ण उपाय ये है कि इस दिन एक चांदी का सिक्का खरीदें और थोड़ से चावल खरीदें तथा ये दोनों चीजें एक सफेद कपड़े में बांधकर इशान कोण या फिर अपनी तिजोरी में रख दें और फिर इसका फायदा देखें।

**भारत के साथ ही नेपाल में भी रहती है मकर संक्रांति की धूम**

भारत के साथ ही नेपाल में भी अलग-अलग नाम व भांति-भांति के रीति-रिवाजों द्वारा भक्ति एवं उत्साह के साथ मकर संक्रांति का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन किसान अपनी अच्छी फसल के लिये भगवान को धन्यवाद देकर अपनी अनुकम्पा को सदैव लोगों पर बनाये रखने का आशीर्वाद मांगते हैं। इसलिए मकर संक्रांति के त्योहार को फसलों एवं किसानों के त्योहार के नाम से मनाया जाता है। नेपाल में माघे-संक्रांति, सूर्योत्तरायण और थारू समुदाय में माघी कहा जाता है। इस दिन नेपाल सरकार सार्वजनिक छुट्टी घोषित करती है। थारू समुदाय का यह सबसे प्रमुख त्योहार है। नेपाल के बाकी समुदाय भी तीर्थस्थल में स्नान करके दान-धर्मादि करते हैं और तिल, घी, चीनी और कन्दमूल खाकर धूमधाम से मनाते हैं। वे नदियों के संगम पर लाखों की संख्या में नहाने के लिये जाते हैं। तीर्थस्थलों में रूरूधाम और त्रिवेणी मेला सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है।

**भारत के राज्यों में अलग-अलग रूप**

मकर संक्रान्ति के अवसर पर आन्ध्र प्रदेश और तेलंगण राज्यों में विशेष भोजनम् का आयोजन किया जाता है। जम्मू में यह पर्व उत्तरैन% और %माघी संगरांद% के नाम से विख्यात है। कुछ लोग इसे उत्रैण, अत्रैण% अथवा अत्रणी के नाम से भी जानते है। इससे एक दिन पूर्व लोहड़ी का पर्व भी मनाया जाता है, जो कि पौष मास के अन्त का प्रतीक है। मकर संक्रान्ति के दिन माघ मास का आरंभ माना जाता है, इसलिए इसको माघी संगरांद भी कहा जाता है। डोगरा घरानों में इस दिन दाल की खिचड़ी का मन्सना (दान) किया जाता है। इसको %खिचड़ी वाला पर्व% भी कहा जाता है। उधमपुर की देविका नदी के तट पर, हीरानगर के धगवाल में और जम्मू के अन्य पवित्र स्थलों पर जैसे कि पुरमण्डल और उत्तरबैह्नी पर इस दिन मेले लगते हैं। भद्रवाह के वासुकी मन्दिर की प्रतिमा को इस दिन घी से ढंका जाता है। उत्तर प्रदेश में यह मुख्य रूप से %दान का पर्व% है। प्रयागराज में गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर प्रत्येक वर्ष एक माह तक माघ मेला लगता है जिसे माघ मेले के नाम से जाना जाता है। 14 जनवरी से ही प्रयागराज में हर साल माघ मेले की शुरूआत होती है। 14 दिसम्बर से 14 जनवरी तक का समय खर मास के नाम से जाना जाता है। 14 जनवरी यानी मकर संक्रान्ति से पृथ्वी पर अच्छे दिनों की शुरूआत होती है। माघ मेले का पहला स्नान मकर संक्रान्ति से शुरू होकर शिवरात्रि के आखिरी स्नान तक चलता है। बागेश्वर में बड़ा मेला होता है। वैसे गंगा-स्नान रामेश्वर, चित्रशिला व अन्य स्थानों में भी होते हैं। इस दिन गंगा स्नान करके तिल के मिष्ठान आदि को ब्राह्मणों व पूज्य व्यक्तियों को दान दिया जाता है। इस पर्व पर क्षेत्र में गंगा एवं रामगंगा घाटों पर बड़े-बड़े मेले लगते है। समूचे उत्तर प्रदेश में इस व्रत को खिचड़ी के नाम से जाना जाता है तथा इस दिन खिचड़ी खाने एवं खिचड़ी दान देने का अत्यधिक महत्व होता है। इसी प्रकार बिहार में मकर संक्रान्ति को खिचड़ी नाम से जाना जाता है। इस दिन उड़द, चावल, तिल, चिवड़ा, गौ, स्वर्ण, ऊनी वस्त्र, कम्बल आदि दान करने का अपना महत्त्व है। महाराष्ट्र में इस दिन सभी विवाहित महिलाएं अपनी पहली संक्रान्ति पर कपास, तेल व नमक आदि चीजें अन्य सुहागिन महिलाओं को दान करती हैं। तिल-गूल नामक हलवे के बांटने की प्रथा भी है। इस दिन पूरे बिहारवासी दिन में दही चुरा खाकर और रात के समय उरद दाल और चावल की खिचड़ी बनाकर यह पर्व को मनाते हैं। बंगाल में इस पर्व पर स्नान के पश्चात तिल दान करने की प्रथा है। गंगासागर में प्रति वर्ष विशाल मेला लगता है। मान्यता यह भी है कि इस दिन यशोदा ने श्रीकृष्ण को प्राप्त करने के लिये व्रत किया था। इस दिन गंगासागर में स्नान-दान के लिये लाखों लोगों की भीड़ होती है।

तमिलनाडु में इस त्योहार को पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाते हैं। प्रथम दिन भोगी-पोंगल, द्वितीय दिन सूर्य-पोंगल, तृतीय दिन मट्टू-पोंगल अथवा केनू-पोंगल और चौथे व अन्तिम दिन कन्या-पोंगल। इस प्रकार पहले दिन कूड़ा करकट इकठ्ठा कर जलाया जाता है, दूसरे दिन लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है और तीसरे दिन पशु धन की पूजा की जाती है। पोंगल मनाने के लिये स्नान करके खुले आंगन में मिट्टी के बर्तन में खीर बनायी जाती है, जिसे पोंगल कहते हैं। असम में मकर संक्रान्ति को माघ-बिहू अथवा भोगाली-बिहू के नाम से मनाते हैं। देवभूमि उत्तराखंड में इस मुख्य पर्व मकर सक्रांति को घुघुतिया त्योहार के नाम से जाना जाता है। उत्तराखंड के सभी लोग अपने दिन की शुरूआत सुबह नहाने से करते हैं। घर की महिलाओं द्वारा रसवाडें को मोल मिट्टी की सहायता से लिपाई पुताई की जाती है।

उसके बाद सभी लोगों द्वारा अपने घर के देवता स्वरूप देवी देवताओं की पूजा की जाती है और दिन के भोजन में घुघुतिया बनाए जाते हैं। यह घुघुतिया आटे और गुड़ की सहायता से बनाए जाते हैं। जिसमें विभिन्न प्रकार की आकृतियों के माध्यम से घुघुतिया तैयार किए जाते हैं।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं-सम्पादक**

## *आखिर क्यों आते है पश्चिमी विक्षोभ*



**राजेश कुमार मीना**
**करौली**

पश्चिमी विक्षोभ अटलांटिक महासागर मे उत्पन्न होते हैं फिर यूरोप महाद्वीप के देशों में बारिश करते हैं उसके बाद लाल सागर, कैस्पियन सागर, काला सागर, भूमध्य सागर, तक पहुंचने पर यहां से नमी ग्रहण करते हैं फिर यह ईरान, इराक, अफगानिस्तान,पाकिस्तान होते हुए भारत तक पहुंचते हैं जिससे यहां बारिश ओर बर्फबारी होती है ,काफी क्षेत्रों में भारी बारिश ओलावृष्टि तेज तूफान भी आ जाते हैं ।कभी कभी उत्तर पश्चिम मध्य भारत में पश्चिमी विक्षोभ से भारी बारिश ओलावृष्टि होती है। साथ में 40-100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलती है खासकर मार्च अप्रैल मे इस प्रकार का प्रभाव होता है लेकिन यह प्रभाव तब होता है जब पश्चिमी जेट स्ट्रीम सामान्य से अधिक दक्षिणायन हो जाये।

पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बन्स भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी इलाक़ों में सर्दियों के मौसम में आने वाले ऐसे तूफ़ान को कहते हैं। जो वायुमंडल की ऊँची तहों में भूमध्य सागर,अन्ध महासागर और कुछ हद तक कैस्पियन सागर से नमी लाकर उसे अचानक वर्षा और बर्फ़ के रूप में उत्तरभारत,पाकिस्तान व नेपाल पर गिरा देता है ।उत्तर भारत में रबी की फ़सल के लिये, विशेषकर गेंहू के लिये, यह तूफ़ान अति-आवश्यक होते हैं।

क्यों कहते हैं इन्हें पश्चिमी विक्षोभ :- मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि 'अशांत हवाएं कम दबाव वाले क्षेत्र में होती हैं ।और भारत के संबंध में चूंकि? ये पश्चिम दिशा से आती हैं, इसलिए इसका नाम पश्चिमी विक्षोभ है। भमध्यसागरिय क्षेत्र से चलने वाली ये हवाएं अफगानिस्तान,पाकिस्तान और भारत की ओर अधिक ऊंचाई और तेज हवाओं के साथ यात्रा करती हैं ।जो पृथ्वी की सतह के ऊपर पश्चिम से पूरब दि?शा की ओर बहती हैं। इससे होने वाली बरसात मानसून की बरसात से अलग होती है ।यह एक गैर-मानसून वर्षा पैटर्न है ।और यह पछुआ हवाओं द्वारा संचालित होता है। सर्दियों के मौसम में पश्चिमी विक्षोभ काफी मजबूत होते हैं।

भारत में प्रभाव:-पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी भारत में वर्षा, हिमपात और कोहरे से संबंधित है। यह पाकिस्तान और उत्तरी भारत में वर्षा एवं हिमपात के साथ आता है ।पश्चिम विक्षोभ भूमध्य सागर या अटलांटिक महासागर से नमी प्राप्त करता है ।इस के कारण शीत ऋतु में और मानसून पूर्व वर्षा होती है और उत्तरी उपमहाद्वीप में रबी फसल के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण है ।ये हमेशा अच्छे मौसम के अग्रदूत नहीं होते हैं। कभी-कभी बाढ़, फ्लैश फ्लड, भूस्खलन, धूल भरी आँधी, ओलावृष्टि और शीत लहर जैसी चरम मौसमी घटनाओं का कारण बन सकते हैं जो लोगों की जान ले लेते हैं, बुनियादी ढाँचे को नष्ट कर देते हैं और आजीविका को प्रभावित करते हैं ।अप्रैल और मई के गर्मियों के महीनों के दौरान, पश्चिम विक्षोभ पूरे उत्तर भारत में प्रवाहित होते हैं ।एवं समय-समय पर उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में मानसून की सक्रियता में मदद करते हैं।

मानसून के मौसम के दौरान, पश्चिमी विक्षोभ कभी-कभी घने बादल और भारी वर्षा का कारण बन सकता है ।कमज़ोर पश्चिमी विक्षोभ पूरे उत्तर भारत में फसल उपज की विफलता और जल की समस्याओं से संबंधित है ।मज़बूत पश्चिमी विक्षोभ निवासियों, किसानों और सरकारों को जल की कमी से जुड़ी कई समस्याओं से बचने में मदद कर सकता है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं-सम्पादक**

## आज का राशिफल

**मंगलवार 14 जनवरी 2025**



**मेष राशि**

जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से सपने संबंध तोडने से बचें। पैर में चोट लग सकती है। समाज में नाम आपका होगा।



**वृषभ राशि**

किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मन मुटाव होगा। जीवनशैली में परिवर्तन के योग है। पुरानी दुश्मनी के चलते विवाद संभव है।



**मिथुन राशि**

सोचे हुए कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे। प्रेम-प्रसंग के चलते मन उदास रहेगा।



**कर्क राशि**

व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपके दोनों के वार्तालाप में स्नेह झलके ना कि बनावटी बातें करें। वाणी मधुर रहे। यात्रा के योग बन रहे हैं।




**सिंह राशि**

अपने अक्खड़ व्यवहार से सभी से दूरियां बढ़ा लेंगे। व्यवहार नम्र रहे और अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पिता के साथ तालमेल न रहने से घर का वातावरण गरमा सकता है। संपत्ति से संबंधित जरूरी अनुबंध हो सकते हैं।



**कन्या राशि**

आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आये परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। मांगलिक समारोह में सक्रिय भूमिका रहेगी।




**तुला राशि**

जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था, आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें। नए भवन में जाने के योग हैं।



**वृश्चिक राशि**

अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करनी पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन नाखुश होंगे। शेयर बाजार में निवेश से लाभ होगा।



**धनु राशि**

समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा। फैक्ट्री में प्रवेश द्वार पर पंचमुखी हनुमान की तस्वीर लगायें, चमत्कारिक लाभ होगा।



**मकर राशि**

जल्दबाजी में किये फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परीक्षा परिणाम अनुकूल रहेगा।



**कुम्भ राशि**

अपने हिसाब से जिन्दगी जीना पसंद है। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आप का विरोध करेंगे। भवन-भूमि के विवादों का अंत होगा। पिता के व्यवसाय में रुचि कम रहेगी।



**मीन राशि**

समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपनी बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा, जो भविष्य में लाभदायक रहेगा। वाहन सुख संभव है।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## दान, ध्यान और स्नान का पर्व है मकर संक्रांति



बाल मुकुन्द ओझा

भारत में प्रत्येक पर्व और त्योहार का अपना सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्त्व होता है। ऐसा ही एक पर्व मकर संक्रांति है जो लोक मंगल को समर्पित है। हिन्दू तीज-त्योहारों में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। मकर संक्रांति का त्योहार धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। लोकमंगल के त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। यह त्योहार न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। मकर संक्रांति सूर्य, पृथ्वी और ऋतुओं के बीच के संबंध को दर्शाने वाला पर्व है। इस वर्ष मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार, मकर संक्रांति पुण्य काल का समय सुबह 9 बजकर 3 मिनट से लेकर शाम 5 बजकर 46 मिनट तक रहेगा और महापुण्य काल का समय सुबह 9 बजकर 3 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 48 मिनट तक रहेगा. मकर संक्रान्ति पर्व पूरे भारत और नेपाल में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति भारत में मनाए जाने वाले प्रमुख त्यौहारों में से एक है, जिसे विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नाम से जाना जाता है। उत्तर भारत में इसे संक्रांति, गुजरात और महाराष्ट्र में उत्तरायण, तमिलनाडु में पोंगल और असम में माघ बिहू कहा जाता है। हिन्दी भाषी क्षेत्रों में इस त्यौहार को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। यह त्यौहार सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

धार्मिक विश्वास के अनुसार मकर संक्रांति पर किये गये दान के कार्य अन्य दिनों के अपेक्षा सौ गुना अधिक पुण्य प्राप्त होता। इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को दान देना बेहद पुण्यकारी माना जाता है। यह त्योहार देश में पतंजबाजी के लिए भी काफी प्रसिद्ध है। इस अवसर पर महिला और पुरुष सबेरे से शाम होने तक अपनी अपनी छतों पर वो काटा की करतल ध्वनि के साथ पतंगबाजी का आनंद उठाते है। इस दिन तिल का हर जगह किसी ना किसी रूप में प्रयोग होता ही है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ऐसा माना जाता है कि अगर मकर संक्राति के दिन तिल का दान या सेवन किया जाए तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं। जिससे ऐसे व्यक्ति जिस पर शनि देव का कुप्रभाव है वह भी कम हो जाता है। इसलिए इस दिन काले तिल को दान करने की मान्यता है।

तिल स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए मकर संक्रांति के दिन का ही चयन किया था। मकर संक्रांति के दिन गंगा जी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर सागर में जा मिलीं। इसीलिए आज के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। मकर संक्रान्ति के अवसर पर गंगास्नान एवं गंगातट पर दान को अत्यन्त शुभ माना गया है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगासागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। मकर संक्रांति को मौसम में बदलाव का सूचक भी माना जाता है।

भारत में मकर संक्रान्ति विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। बंगाल में इस पर्व पर गंगासागर पर बहुत बड़े मेले का आयोजन होता है। यहां इस पर्व के दिन स्नान करने के बाद तिल दान करने की प्रथा है। कहा जाता है कि इसी दिन यशोदा जी ने श्रीकृष्ण की प्राप्ति के लिए व्रत रखा था। इसी दिन गंगा भगीरथ के पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होते हुए गंगा सागर में जा मिली थीं।

यही वजह है कि हर साल मकर संक्रांति के दिन गंगा सागर में भारी भीड़ होती है। इस साल महाकुंभ मेले में दूसरा शाही स्नान भी मकर संक्रांति 2025 के पावन पर्व पर आयोजित हो रहा है। यह महाकुंभ प्रयागराज में हो रहा है। मकर संक्रांति 2025 विशेष रूप से स्नान और दान का पर्व है। इस दिन गंगास्नान करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है ।बिहार में भी मकर संक्रांति को खिचड़ी के ही नाम से जानते हैं। यहां भी उड़द की दाल, चावल, तिल, खटाई और ऊनी वस्त्र दान करने की परंपरा है। इसके अलावा असम में इसे 'माघ- बिहू और ' भोगाली-बिहू के नाम से जानते हैं। तमिलनाडू में इस पर्व को चार दिनों तक मनाते हैं।

यहा पहला दिन भोगी पोंगल दूसरा दिन सूर्य पोंगल, तीसरा दिन मट्टू पोंगल और चौथा दिन कन्या पोंगल के रूप में मनाते हैं। पूजा और अर्चना की जाती है। राजस्थान में इस दिन बहुएं अपनी सास को मिठाईयां और फल देकर उनसे आर्शीवाद लेती हैं। इसके अलावा वहां किसी भी सौभाग्य की वस्तू को 14 की संख्या में दान करने का अलग ही महत्व बताया गया है। महाराष्ट्र में इस दिन गूल नामक हलवे को बांटने की प्रथा है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

### पीएम श्री इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर में मेंटर-मेंटी संगोष्ठी हुई आयोजित

# बेटियां लक्ष्य निर्धारित कर माता-पिता एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन में खूब पढ़े और आगे बढ़े : मुकेश गर्ग

**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पीएम श्री महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर में सोमवार को पीएमश्री योजनान्तर्गत बालिकाओं के सशक्तिकरण उनके समक्ष आने बाली चुनौतियों को लेकर कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं के लिए मेंटर -मेंटी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वार्ताकार के रूप में पूर्व शिक्षा उपनिदेशक मुकेश गर्ग मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान राजेश शर्मा द्वारा की गई।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य दिनेश गर्ग व व्याख्याता एवं डीडीओ रघुवर दयाल शर्मा मौजूद रहे। शुरुआत में अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा , कंपोनेंट प्रभारी गजेंद्र सिंह व बाल संसद की पदाधिकारी कविता एवं भारती बघेल द्वारा तिलक लगाकर एवं पटका पहनाकर किया गया। मुख्य वार्ताकार एवं रिटायर्ड मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश गर्ग ने छात्राओं को




महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बालिकाओं को अनुशासन के साथ अपने माता-पिता गुरुजनों का सम्मान करते हुए अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित कर तथा भय मुक्त होकर आगे बढ़कर अपनी पढ़ाई करने और समाज को नई दिशा देने के लिए प्रेरित किया। पूर्व शिक्षा उपनिदेशक गर्ग ने कहा कि महिलाएं बेटियां परिवार एवं समाज की आधार स्तंभ होती है।पढ़ी-लिखी बालिकाओं से एक नहीं दो-दो परिवारों की तरक्की एवं विकास होता है। डीडीओ व्याख्याता रघुवर दयाल शर्मा ने छात्राओं को कैरियर गाइडेंस एवं कौशल विकास के साथ सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सेवा निवृत प्रधानाचार्य दिनेश कुमार गर्ग ने बालिकाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियां तथा जेंडर समता को प्रोत्साहन देने के साथ प्रतिस्पर्धात्मक युग में तनाव रहित जीवन के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए कठिन परिश्रम के साथ अपनी शिक्षा पूर्ण करने की नसीहत प्रदान की।

स्कूल के प्रिंसिपल राजेश शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा पीएम श्री योजना स्कूलों के लिए मेंटर मेंटी कार्यक्रम नवाचार की एक अच्छी पहल है। इससे छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें जीवन में आने वाली चुनौतियां का सामना करने एवं निर्भीक होकर शिक्षा ग्रहण करने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के अंत में मेंटर मेंटी गतिविधि के तहत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा भारती बघेल द्वितीय स्थान पर खुमन कुमारी तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अवनी कुमारी को प्रशस्ति पत्र व पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्कूल में श्रेष्ठ सेवाओं के लिए योगा टीचर लक्ष्मी देवी व कक्षा 8 बोर्ड परीक्षा में 92 फीसदी अंक लाने वाले छात्र अवधेश कुमार को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षिका रागिनी त्रिवेदी ने छात्राओं को आत्मरक्षा और बेड टच गुड टच के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

## फिर वही दिल लाया हूं फिल्म संगीत कार्यक्रम के बैनर का हुआ विमोचन



**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** अमन कला केंद्र द्वारा 19 जनवरी रविवार को प्रस्तावित टाउन हॉल में शाम 6:30 बजे फिर वही दिल लाया हूं कार्यक्रम के फ्लेक्स बैनर का विमोचन सोमवार की शाम रतन बिहारी पार्क में किया गया । संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया की इस अवसर पर समाजसेवी एन .डी. रंगा, समाजसेवी सुशील यादव, संगीत कला प्रेमी सुनील दत्त नागल, संगीत कला प्रेमी सैय्यद अख्तर, गायक कलाकार नारायण बिहाणी, गायक कलाकार सिराजुद्दीन खोखर, गायक कलाकार एम. रफीक .कादरी , संगीत प्रेमी भूपेंद्र सिंह खालसा, संगीत प्रेमी मदन खत्री, संगीत प्रेमी कृपाल भाई एवं यशपाल नागपाल सहित आदि संगीत कला जुड़े लोग उपस्थित थे, इस कार्यक्रम का आयोजन आगामी 19 जनवरी रविवार की शाम 6:30 बजे टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा।

## एक नजर

### कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम में बनेंगे ग्राउंड वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर

## जिला कलक्टर ने आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश




**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित डीओआईटी सभागार में आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों तथा उपखंड अधिकारियों से विभिन्न मसलों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित विभिन्न सेवाओं की समीक्षा की और अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभाग से संबंधित सेवाओं को दुरुस्त रखें और योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाएं। इस दौरान उन्होंने मकर संक्रांति के अवसर पर होने वाली पतंगबाजी के मध्येनजर चाईनीज धागे की जब्ती और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने इस दौरान कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि स्थानीय भामाशाहों के सहयोग से ग्राउंड वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे। इस साल जिले में 100 स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे। इसके लिए भूजल विभाग की ओर से स्थान चिन्हित किए गए हैं।

## जूली ने प्रीतम दास जी महाराज के मेले एवं कुश्ती दंगल समारोह में शिरकत की

**अलवर ( हुक्मनामा समाचार )।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव ढाकपुरी में श्री श्री 1008 श्री प्रीतम दास जी महाराज के मेले एवं कुश्ती दंगल समारोह में शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रीतमदास जी महाराज का जीवन और उनकी शिक्षा एक दीपक की तरह है, जो चारों ओर उजाला फैलाती हैं। हमें उनकी शिक्षाओं से जीवन के प्रति एक बोध विकसित करना चाहिए और परमार्थ और परोपकार की भावना के साथ जीवन जीना चाहिए। उन्होंने यहाँ मंदिर जाकर मत्था टेका और पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रीतम दास का व्यक्तित्व चमत्कारी था। उन्होंने सदैव व्यावहारिक नजरिया रखा।

## जूली ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराएँ हमें मित्रवत भाईचारे और एकता का संदेश देती हैं। यह पर्व हमारे जीवन में ऊर्जा, उल्लास और नई आशाओं का संचार करता है साथ ही हमारी संस्कृति और प्रकृति के बीच गहरे संबंधों को भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि सूर्य देव के उत्तरायण होने तथा बसन्त ऋतु के आगमन की खुशी में मनाया जाने वाला यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने आग्रह किया है कि इन पर्वों पर साथ मिलकर एकता और भाईचारे को मजबूत बनाएं। उन्होंने पंजाबी समुदाय को लोहड़ी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी अपने जीवन में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। सभी उत्सव त्योहारों को आपसी सहयोग एवं मिलन समारोह से साभार की हमारी परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि सौहार्दपूर्ण भाईचारे एवं मिलन का यह पर्व हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली लाते है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सकारात्मक सोच के साथ कर्मशील होने तथा जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लें, ताकि प्रदेश उन्नति के नए शिखर को छू सके।

## अमरपुरा बास भीनासर में धारदार हथियारों से हमला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर में गंगाशहर थाना क्षेत्र के अमरपुरा बास भीनासर में 11 जनवरी की रात एक व्यक्ति पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। **घटना का विवरण**- अमरपुरा बास भीनासर निवासी हनुमान कुम्हार ने गंगाशहर पुलिस थाने में विशाल और अन्य 2-3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। प्रार्थी के अनुसार, आरोपियों ने जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी, सरिया, और लाठियों से हमला किया। इस हमले में प्रार्थी को गंभीर चोटें आईं।

### दूध का दूध, पानी का पानी-शुध्द के लिए युध्दअभियान

## उरमूल डेयरी दूध की नि:शुल्क जांच कर उपभोक्ताओं को कर रही है जागरूक : जाखड़




**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** उत्तरी राजस्थान सहकारी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, बीकानेर(उरमूल डेयरी)द्वारा दूध का दूध-पानी का पानी-शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के दूसरे दिन जयनारायण व्यास सर्किल स्थित श्रीदेव सरस बूथ पर शिविर आयोजित कर आमजन द्वारा लाए गए दूध के सैम्पल की नि:शुल्क जांच की।अभियान प्रभारी शुभम गुलाटी ने बताया कि कुल 23 सैम्पल लिए गए जिसमें से 20 सैम्पल फैल और केवल 03सैम्पल पास हुए।बूथ संचालक देवाराम ने भी जांच शिविर में सहयोग किया। उरमूल डेयरी के मार्केटिंग हैड मोहनसिंह खीचड़ ने बताया कि खुली टँकी के दूध से रोगाणु होने की पूर्ण सम्भावना हो सकती है, वह दूध अशुद्ध और सिंथेटिक भी हो सकता है।जिससे टीबी, मधुमेह, रक्तचाप, कर्क रोग,आंखों, त्वचा, गुर्दा और पेट की अन्य बीमारियां होने की पूर्ण सम्भावना हो सकती है।इसलिए आम उपभोक्ताओं को दूध की जांच समय समय पर अवश्य करवानी चाहिए। उरमूल डेयरी नकली और मिलावटी दूध की नि:शुल्क जांच के लिए सम्पूर्ण जिले में आगामी 17 फरवरी तक विभिन्न क्षेत्रों में शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य प्रति जागरूक कर रही है।साथ ही डेयरी की ओर से सरस दूध का 200मिली दूध का पाउच और नये साल का कलेण्डर मुफ्त में उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाया जा रहा है।कल सोफिया स्कूल के पास शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अभियान पर स्थानीय उपभोक्ताओं प्रियंका, मीना गोस्वामी, अतुल अरोड़ा, जीतेन्द्र सेठी आदि ने उरमूल डेयरी के जांच अभियान की प्रशंसा की तथा अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान पूरे वर्ष सतत चलना चाहिए।

## देश और प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर विफल है : पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह



**अलवर ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह बोले नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ग्रामीण विधानसभा के लोगों के हक की लड़ाई लड़ने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों पर विधानसभा में जूली ने नकेल डाल रखी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जनता की आवाज और जनहित के मुद्दों पर अपनी बेबाक और बुलंद आवाज से जूली न केवल राजस्थान प्रदेश में बल्कि देश में भी एक अच्छे राजनीतिज्ञ के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। सिंह सोमवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेड़ा ब्लॉक में इंटरलॉकिंग सड़क, सामुदायिक स्वच्छता कांप्लेक्स,पानी की टंकी निर्माण, ,नाला निर्माण, हाई मास्ट लाइट, सीसीटीवी कैमरे, रामबाग गार्डन सहित 100 से अधिक विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास समारोह के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अलवर नगर निगम में भी इतने विकास कार्य नहीं हुए जितने ग्रामीण विधायक जूली ने मालाखेड़ा नगर पालिका में करा दिए हैं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर विफल है जिसको जवाब देने के लिए देश में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जनता के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। जूली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की अनंत काल तक ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र विकास का गढ़ बना रहेगा। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद और ग्रामीण जनता के सहयोग और समर्थन से ग्रामीण विधानसभा में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों का नया जाल बिछाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति तब तक नहीं थमेगी जब तक ग्रामीण विधानसभा के का प्रत्येक कोना प्रगति की रोशनी से जगमग ना हो जाए। उन्होंने कहा कि मेरे लिए जनता का विश्वास सबसे बड़ी ताकत है, मैं सदैव आपकी सेवा में समर्पित हूं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा,पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर,शम्मा खान, राजेंद्र व्यास, नगर पालिका अध्यक्ष हिम्मत सिंह चौधरी, शिवचरन बलाई, सिद्धार्थ व्यास, नरेंद्र सावित्री मीणा, पुष्पेंद्र धाबाई, जोगेंद्र कोचर, रिपु दमन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सरपंच,जिला परिषद सदस्य व पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## स्कार्पियो गाड़ी पलटने से एक युवक की मौत

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा सोमवार को बीकानेर जिले के नोखा पुलिस थाना में हुआ है। जहां पशु को बचाने के चक्कर में स्कार्पियो गाड़ी पलट गई। हादसे में एक युवक की जान चली गई। वहीं, चार पांच लोग चोटिल हुए हैं। जानकारी के अनुसार यह हादसा मुकाम बाईपास समराथल रोड़ पर हुआ। फ़िलहाल शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व पर बाजारों में छाई रौनक

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।**लोहड़ी व दान-पुण्य के महापर्व मकर संक्रांति पर्व को लेकर बाजारों में रौनक छाई मूंगफली रेवड़ी पतंग घेवर फिरनी घंटाघर इलाके में खूब बिक्री हो रही शहर के बाजारों के अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर इनकी बिक्री देखी जा रही है। दोनों पर्वों पर सोमवार को लोहड़ी मकर संक्रांति के एक दिन पहले यानी कि पौष माह के आखिरी रात को लौहड़ी पर्व मनाया जाता इस पर्व को काफी खास तरीके से मनाया जाता इस दिन रात में आग में अन्न अर्पित कर लोग जश्न मनाते पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता बाजार सज जाता लोग अपने बजट और जरूरत के अनुसार खरीदारी करते।

गुड़ की रेवड़ी 160 से 300 रुपये किलोग्राम तो चीनी की 140 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है। उधर मकर संक्रांति पर्व पर विवाहित बहनों के घर दिए जाने वाले शगुन में भी मूंगफली व रेवड़ी का अहम स्थान माना जाता है। शहर के वर्षों से मौसमी वस्तुओं की स्टॉल लगाने वाले का कहना है कि इस सीजन में सर्दी ज्यादा होने से मूंगफली की बिक्री ज्यादा हो रही है। इसके पीछे जहां एक तरफ सर्दी अहम कारण है, वहीं मकर संक्रांति पर्व तक ही मूंगफली की मांग ज्यादा होती है। इस कारण ग्राहकों की संख्या भी अधिक है। इसके अलावा लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व को लेकर घेवर फिरनी के हलवाईयों की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी रही।इस अवसर पर लोग अपने घर के लिए बाजार से गजक, घेवर फिरनी जैसी पारंपरिक मिठाइयां खरीदते हैं। इसके साथ ही महिलाएं अपने विवाहित बेटियों के घर पर भी गजक, घेवर फिरनी भेजती हैं। ऐसे में दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। वहीं मार्केट के जानकारों के मुताबिक, इस बार मकर



संक्रांति पर शहर में करीब 5 करोड़ के कारोबार का अनुमान है।

**अग्नि में अन्न अर्पित करने की परम्परा-** लोहड़ी पर्व पर अग्नि में अन्न को अर्पित करने की परम्परा लोगों का मानना है कि ऐसा करने से साल भर घर में सुख शांति बनी रहती लोग अपने घरों के बाहर लकड़ियों को जलाकर उसमें मूगंफली, रेवड़ियां, चिवड़े सहित अन्य सामानों को अर्पित कर परिवार की सुख शांति के लिए आराधना करते इसके बाद दूसरे दिन मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता।

**अच्छी ग्राहकी से खिले दुकानदारों के चेहरे-** अंचल के दुकानदारों का कहना है ठंड ने लोगों को घर, दुकान और ऑफिस में कैद करके रख दिया वहीं, दूसरी ओर सर्दी के मौसम में मूंगफली और गजक घेवर फिरनी की खरीदारी काफी अधिक हो रही बाजार में सर्दी के अलावा लोहड़ी पर्व के कारण इन चीजों की डिमांड बढ़ी卐बाजारों में सर्दी के इस मौसम के साथ लोहड़ी मकर संक्रांति पर्व को देखते हुए रौनक बढ़ गई यहां ग्राहक जमकर खरीदारी कर रहे।

**जाम की समस्या ने किया परेशान-** नगर के लोगों को जाम की समस्या ने परेशान कर रखा प्रशासन फिर भी ध्यान नहीं दे रहा प्रशासन की इस उदासीनता का परिणाम है कि जिस वाहन चालक को जहां जगह दिखाई देती है वह वहां पर ही अपना वाहन खड़ा कर रास्ता जाम कर देता है।कई स्थानों पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है।

जाट बजार मार्ग पर सबसे विकट स्थिति स्टेट बैंक, पोस्ट ऑफिस चौराहा पर मुख्य मार्ग पर होने के कारण कई वाहन यहां बेतरतीब खड़े हो जाते मार्ग पर जाम लगा रहता दूसरी तरफ सालासर बस स्टेंड चाँदपोल तक सारे दिन लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। लोहड़ी मकर संक्रांति पर्व पर कई वाहन सड़क के किनारे आड़े तिरछे खड़े होने से बाजार में जाम लग गया। जाम लगा होने से लोगों को खासी परेशानी हुई। आम जन कहना है कि जाम की समस्या के लिए लोहड़ी मकर संक्रांति पर्व के मोके पर जवानों को लगाया जाना चाहिय जिससे सड़क किनारे वाहन खड़े का चालान किया जा सकता ।

## नारी शक्ति ने रेन बसेरे में की कंबल और भोजन की व्यवस्था वितरित किए

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** कड़कड़ाती सर्दी में गरीब और असहायों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नारी शक्ति की टीम ने रैन बसेरे में रह रहे लोगों को सर्दी से निजात दिलाने के लिए उनको कंबल बांटे। नारी शक्ति टीम के सदस्यों की तरफ से कैंसर हॉस्पिटल के सामने रेन बसेरा में रुके हुए शरणार्थियों को कंबल वितरित किए गए और साथ में ही भोजन की व्यवस्था भी की गई इस दौरान संस्था की सभी सदस्यों ने उन सभी के साथ भजन कीर्तन का आनंद लिया। नारी शक्ति की अध्यक्ष मधु खत्री ने सोमवार को बताया कि टीम द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के कई कार्यो को हाथ में लिया गया है। उसी क्रम में आज यह कंबल वितरण भोजन व्यवस्था का कार्यक्रम किया गया। टीम द्वारा आगे भी बच्चों की शिक्षा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़े इसके लिए कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कंबल वितरण कार्यक्रम में सचिव संजू खत्री, बबीता जाजू, दीक्षा,शीलू शर्मा, संतोष जांगिड़, विजयलक्ष्मी चंद्रकांता, कविता, ज्योति विजय, रीता तनेजा, सुजाता पेड़ीवाल सहित टीम की सदस्यों ने भागीदारी निभाई। इस कार्य में अपनी ओर से सहयोग किया कंबल प्राप्त कर उन सभी में खुशी के भाव देखने को मिल रहे थे।



### केन्द्रीय राज्य मंत्री दो दिवसीय धौलपुर दौरे पर

# चौधरी ने किया मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल समेत कई संस्थानों एवं आदर्श गांव पिपरेट का किया भ्रमण

**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार राजभूषण चौधरी सोमवार को दिवसीय धौलपुर दौरे पर पहुंचे। यहां पहुंचकर वे स्थानीय प्रशासन से वार्ता के पश्चात राजकीय मैडीकल कॉलेज एवं नवीन जिला चिकित्सालय के निरीक्षण हेतु पहुंचे। जिला अस्पताल में उन्होंने गहन चिकित्सा इकाई में जाकर मरीजों उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने कई मरीजों से उनकी बीमारी एवं चिकित्सकों से दिये जा रहे उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी ली। केंद्रीय राज्य मंत्री स्वयं पेशेवर चिकित्सक रहे हैं, इस दृष्टि से उन्होंने विभिन्न रोगियों के दिए जा रहे उपचार के बारे में सूक्ष्म ढंग से निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों के लिए समर्पित रामाश्रय वार्ड पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों से उनका हाल चाल लेकर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सभी मरीजों ने जिला अस्पताल में मिल रही चिकित्सा सेवाओं एवं सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने उन्हें केंद्र प्रवर्तित चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी विजय सिंह साथ रहे। साथ ही उन्होंने मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां



फैकल्टी एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी अर्जित की। उन्होंने यहां एक छात्रा से एनाटॉमी विषय पर कुछ प्रश्न किए। इस दौरान प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज दीपक कुमार दुबे मौजूद रहे।

**आंगनबाड़ी खानपुर का निरीक्षण:-** अगले क्रम में केंद्रीय मंत्री खानपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने यहां मौजूद बच्चों से मिलने वाले पोषाहार के बारे पूछा। साथ ही उन्होंने बच्चों से लर्निंग मैटेरियल के बारे में जानकारी ली। उपनिदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग ने पोषाहार समेत अन्य सुविधाओं पर जानकारी दी। यहां उन्होंने नीति आयोग से प्राप्त अवॉर्ड राशि से निर्मित नवीन आंगनवाड़ी परिसर का भी भ्रमण किया। छात्रों को समझाये विज्ञान के सूक्ष्म सिद्धांत एवं नियम:- केंद्रीय राज्य मंत्री जब बसेड़ी उपखंड के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल पहुंचे तो छात्रों से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान से संबंधित कुछ प्रश्न पूछे। छात्रों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के पश्चात बोर्ड पर लिखकर विज्ञान के सिद्धांतों, नियमों एवं न्यूमेरिकल समझाया। उन्होंने छात्रों से बड़े लक्ष्य रखकर उन्हें अर्जित करने हेतु परिश्रम करने की सीख दी।

## 9 सूत्री मांगों को लेकर तहसील कार्यालय पर धरना



**भुसावर( हुकमनामा समाचार )** प्रदेश पटवार संघ के आवन पर सोमवार 13 जनवरी 2025 को पटवार संघ की 9 सूत्री मांगों को लेकर कार्य का बहिष्कार कर पेन डाउन हड़ताल के साथ तहसील कार्यालय भुसावर पर स्थानीय शाखा ने धरना प्रदर्शन किया। उपशाखा अध्यक्ष यशोमणि शर्मा ने बताया कि सरकार को मांगों को लेकर लगातार ज्ञापन द्वारा निवेदन किया गया । मांगों पर कोई भी विचार नहीं करने पर विरोध में प्रदेश के आह्वान पर समस्त पटवारियों द्वारा धरना प्रदर्शन कर संपूर्ण कार्य का बहिष्कार किया गया है इस अवसर पर पटवार संघ शाखा अध्यक्ष यशोमणि शर्मा सहित लोकेश मीणा, अमित कुमार, रामकेश मीणा, सोम कुमार, विक्रम सिंह ,नेत्रपाल, राहुल कुमार,,नंदकिशोर सहरिया ,महेश मीणा, सीमा गुर्जर, लोकेश मीणा सहित अनेक पटवारी उपस्थित रहे।

## पैसों से ताश पत्ती पर दाव लगाते 5 गिरफ्तार

**भुसावर ( हुकमनामा समाचार )** भुसावर थाना पुलिस ने ताश पत्तों पर सरे आम पैसों से दाव लगाते पांच जनों को गिरफ्तार किया है भुसावर थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता द्वारा टीम का गठन कर अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा वैर रो ड के सार्वजनिक स्थल पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास ताश पत्तों से जुआ खेलते हुए पवन कुमार पुत्र संपतराम जाती मीणा निवासी मुंडयारा, यादराम पुत्र रेवती प्रसाद खाती निवासी जुलाहपाड़ा, स्वरूप पुत्र मूलचंद जाति माली निवासी मुंण्डयारा कस्बा भुसावर,,चंदर पुत्र गोवर्धन जाति खाती निवासी जुलपाड़ा ,राजेंद्र पुत्र मोतीराम जाति खाती जुलाहपाड़ा कस्बा भुसावर को गिरफ्तार कर 1460 रुपए के साथ ताश के 52 पत्ते जप्त कर पांचो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

### जनसुनवाईयों में प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

# आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित




**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई।

खुले बोरवेल व कुओं को ढकने के निर्देश– जिला कलक्टर ने समस्त एसडीएम एवं विकास अधिकारियों को उनके क्षेत्र में खुले बोरवेल व कुओं को ढकने के निर्देश दिए ताकि जिले में खुले बोरवेल व कुओं से होने वाली घातक दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर से खुले बोरवेलों को बन्द करने के सर्टिफिकेट लेने के निर्देश दिए।

आश्रय स्थलों पर हो उचित व्यवस्था– जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदार एवं नगर निकाय अधिकारियों को जिला मुख्यालय व उपखण्ड स्तर पर संचालित सभी आश्रय स्थलों का निरीक्षण करने एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए आश्रय स्थलों पर साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ उचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्व, पंचायतीराज तथा चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर प्रकरणों के समयबद्ध व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लॉक, उपखण्ड एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रकरणों को मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए गम्भीरता ले और प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करें। जनसुनवाई में एक बार जो प्रकरण प्राप्त हो उसका तत्काल समाधान करें ताकि उक्त प्रकरण पुनः आगामी जनसुनवाई में नहीं आए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अनूप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां, अतिरक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, जिला खेल अधिकारी मीनू सोलंकी, सहायक श्रम आयुक्त शमिता जैन, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एचएमपी वायरस सामान्य रोग, घबराने की आवश्यकता नहीं : डॉ गौरव कपूर

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** देश में कुछ राज्यों में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के कुछ केस सामने आए हैं, लेकिन इससे घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार यह वायरस वर्ष 2001 से मौजूद है, लेकिन रोगियों पर इसका प्रभाव सामान्य रहा है। इस वायरस से मौत का कोई मामला और चिंताजनक स्थिति सामने नहीं आई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्ति सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार आदि होने पर अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। उन्होंने बताया कि यह वायरस घातक नहीं है। खांसी-जुकाम जैसे सामान्य लक्षणों के साथ सर्दी के मौसम में आमतौर पर कुछ केस इस वायरस के सामने आते रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के अनुसार एचएमपी वायरस का प्रसार वर्तमान में नगण्य है, लेकिन फिर भी एहतियात के तौर पर चिकित्सा अधिकारियों को सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जांच, उपचार सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में इस वायरस की प्रमाणिक जांच के लिए 5 वीआरडीएल लैब एम्स जोधपुर, सवाई मानसिंह। अस्पताल जयपुर, आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर एवं एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर में उपलब्ध हैं। किसी भी अस्पताल में इस वायरस के लक्षणों से संबंधित गंभीर रोगी सामने आने पर इन लैब में जांच करवाई जा सकती है। कोई भी निजी अस्पताल किसी रोगी में इस वायरस के संभावित लक्षण पाए जाने पर प्रमाणिक जांच के लिए सैम्पल इन वीआरडीएल लैब में ही भिजवाएं। साथ ही, इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को भी सूचित करें। जिले में अभी तक इस वायरस का कोई केस सामने नहीं आया है।

## एक नजर

*जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित*

### बजट घोषणाओं की क्रियान्विति गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करें : डॉ. अमित यादव

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं जनसमस्याओं के निराकरण की कार्यवाही की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग सरकार की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने नगर नियोजन के तहत घना गेट की डिजाइन, पर्यटक कॉम्पलैक्स, मदनमोहन मन्दिर का विकास, सुजान गंगा वाटर फ्रंट का विकास, कन्वेशंन सेन्टर, शहर की सभी सर्किल का सौन्दर्यीकरण एवं रिडिजाइन को समयबद्ध पर पूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा के दौरान नगर निगम को शहर में चल रहे सीवरेज लाईन के कार्य को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करने व अवरोधकों को हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, आरएसआरडीसी, नगर निगम एवं बीडीए के अधिकारियों को बजट घोषणाओं के अनुरूप भरतपुर अलवर मार्ग को चार लेन में परिवर्तित करने, भरतपुर सर्किल-बयाना बाईपास, बिडयारी से ब्रह्मवाद, बरसो से त्यौंगा-भरतपुर बाईपास, हीरादास चौराहे से कुम्हेरगेट चौराहा तक फ्लाई ओवर एवं काली बगीची चौराहा-बिजलीघर चौराहा-आरबीएम हॉस्पीटल फ्लाई ओवर निर्माण सहित अन्य सडक निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने ऐतिहासिक स्थलों एवं पर्यटक महत्व के स्थानों के सौन्दर्यकरण, मरम्मत एवं साफ-सफाई के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिये एवं लाईट एण्ड साउन्ड शो, हेरीटेज वॉक वे, किशोरी महल में प्लाजा एवं कैफेटेरिया के निर्माण के संबंध में निर्देश प्रदान किए।

### पालड़ी कला दांत माता मंदिर मंदिर में विशाल पोषबडा महोत्सव का आयोजन



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरकड़ा के पालड़ी कला गांव स्थित दांत माता मंदिर में सोमवार दिनांक 13 जनवरी को विशाल पोषबडा महोत्सव का आयोजन हुआ। दांत माता के भक्त गुलाब चंद मीणा ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पोषबडा महोत्सव सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से दांत माता के चोला चढ़ाकर पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात दांत माता के हलुआ पूरी का भोग लगाया गया। गुलाब चंद मीणा ने बताया की इससे पूर्व पहाड़ी पर स्थित दांत माता के मंदिर को रोशनी से सजाया गया और दांत माता की भव्य झांकियां सजाई गई। पहाड़ी पर स्थित दांत माता का मंदिर ऐसा लग रहा था मानो साक्षात दुर्गा माता सिंह पर विराजमान हो। गुलाब चंद मीणा ने बताया की पालड़ी कला गांव में दांत माता का मंदिर बहुत ही प्राचीन ओर ऐतिहासिक है।ओर पहाड़ी पर चढ़कर जो भी कोई सच्चे मन से दांत माता की सेवा करता है, दांत माता उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करती है। गांव के बुजुर्गो ने बताया की दांत माता चोरों से ओर विपदाओं से गांव की रक्षा करती है।

*संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन*

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से मिलता हैं मोक्ष : चिरंजीव दास महाराज



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राधे गोविन्ददेव मंदिर नांगल तुलसीदास में मंदिर महंत चिरंजीव दास महाराज के सानिध्य में सप्त दिवस से चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का सोमवार को समापन हुआ। कथा व्यास आचार्य विष्णु वेदान्त जोशी ने भगवान कृष्ण का जामवंती विवाह एवं सत्यभामा सहित सात पटरानियों से विवाह वृतांत, व्योमासुर वध,सौलह हजार एक सौ रानीयों से विवाह प्रसंग, कृष्ण-सुदामा मिलन, यदुवंशियों का आपस में लड़कर खत्म होना, भगवान श्रीकृष्ण का गोलोक गमन, तक्षक नाग द्वारा परिक्षित कों ढ़सना जैसे प्रसंग सुनायें। इस अवसर पर चिरंजीव दास महाराज ने कहा की श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सनातन धर्म एवं संस्कृति की पहचान है और कथा श्रवण करने से मनुष्य को अश्वमेघ यज्ञ करने के समान फल मिलता है।

### मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लंबित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने आज अपनी सात सूत्री लंबित मागों को लेकर कलेक्ट्रेट के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने ज्ञापन में बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एंव सहायिका सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, गर्भवति महिलाओं, बाल शिशु विकास, पोषण तथा उसकी प्रारंभिक शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। आंगनबाड़ी कार्मिकों व सहायिकाओं ने ज्ञापन के मध्यम से आँगबाड़ी कार्यक्रताओं व सहायिकाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को तृतीय श्रेणी अध्यापक के समकक्ष वेतन देने, सहायिका को लिपिक के समकक्ष वेतन देने, सेवानिवृति पर दस-दस लाख रुपए देने, विभागीय कार्य के अतिरिक्त कार्य करने पर अलग से भुगतान दिलवाए जाने, स्कूलों की तरह शीतकालीन /ग्रीष्मकालीन अवकाश देने, 25 लाख का दुर्घटना बीमा देने, लाभार्थी को फेस वेरीफाई कर पोषाहार वितरण कार्य हटवाने, आंगनबाड़ी कार्मिक की सेवावधि में मौत होने पर परिवार के एक सदस्य को सरकारी सेवा देने आदि की मांग की है । इस दौरान सुनीता देवी, लक्ष्मी सैन, विद्यादेवी मथुरिया, ममता देवी, आरती, सीमादेवी, ललिता शर्मा, द्वारिका देवी, प्रियंका बैरवा, गुड्डी बैरवा तथा बादाम, हेमलता आदि आंगनबाड़ी कार्मिक मौजूद रहे।

## चोरी की रोकथाम को लेकर कोतवाली थाना परिसर में की बैठक आयोजित



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में आगामी शादी के सीजन को देखते हुए जिला पुलिस की ओर से एक बैठक की गई। बैठक में टेंट एसोसिएशन डीजे संगठन होटल और मैरिज गार्डन संगठन के लोग शामिल हुए। पुलिस अधिकारियों ने मैरिज गार्डन में शादी के दौरान बढ़ रही चोरियों की रोकथाम के लिए चर्चा की। बैठक में एएसपी रामकुमार कस्वां ने बताया कि स्क्रममता गुप्ता ने आगामी शादी सीजन में मैरिज गार्डनों में चोरी रोकने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में आज कोतवाली थाने में टेंट एसोसिएशन डीजे एसोसिएशन, होटल और मैरिज गार्डन एसोसिएशन के लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी मैरिज गार्डन में होमगार्ड सुरक्षा के लिए लगाए जाने, कैटरिंग के दौरान आने वाले वेटरों की लिस्ट बनाने का निर्णय लिया गया। इसी के साथ ही होटल व मैं रिज गार्डनों में सीसीटीवी कैमरे ज्यादा से ज्यादा लगाए जाने का निर्णय लिया।८स्क्रकस्वां ने कहा कि होटल मैरिज गार्डन संचालकों के साथ कोतवाली थाना पुलिस की ओर से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। जिसे संचालित करने के लिए एक टीम बनाई जाएगी।

## सुजानगंगा में युवती ने दी जान

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मथुरा गेट थाना क्षेत्र के केतन गेट के पास सुजान गंगा नगर में एक 18 वर्षीय युवती ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर लीण् आसपास के लोगों ने युवती को नहर में छलांग लगते देख लियाण् सूचना पर चौबुर्जा चौकी प्रभारी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचेण् उन्होंने एसडीआर एफ की टीम को मौके पर बुलाया जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद लड़की के सब को बाहर निकालाण् इस दौरान आसपास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लड़की के शव को आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया हैण् जानकारी के मुताबिक युवती कोतवाली थाना क्षेत्र की निवासी है जिसका नाम बेबी है पुलिस लड़की के मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।


# कार्यालय पंचायत समिति-जहाजपुर

## जिला भीलवाड़ा (राज.)

**क्रमांक:पसज/निविदा/2024-25/3268** **दिनांक : 13.01.2025**

### निविदा सूचना 2024-25/13

पंचायत समिति जहाजपुर के द्वारा निम्न कार्यों हेतु विनिर्माता/डीलर/वास्तविक आपूर्तिकर्ता/धोक विक्रेता से खुली निविदानुसार निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा से संबंधित विवरण कार्यालय समय/वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देख सकते हैं।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (रु.) | निविदा शुल्क राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र विक्रय करने की प्रारम्भ दिनांक व समय | निविदा प्रपत्रों की भौतिक प्रतिमय निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि पंचायत समिति में जमा करवाने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य महादेव जी के स्थान के पास ग्राम समेल का भाटा ग्राम पंचायत सरसिया | 5.00 | 10000 | 400 | 14.01.2025 दोपहर 1.00 बजे तक | 21.01.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक |
| 2. | हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य ग्राम भवानीपुरा माताजी के स्थान के पास | 5.00 | 10000 | 400 | | |
| 3. | हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य पटवार भवन के पास सरसिया | 5.00 | 10000 | 400 | | |

**उक्त निविदा दिनांक 21.01.2025 को दोपहर 3.00 बजे से खोली जायेगी।**

NIB-ZBL2425A0917 UBN-ZBL2425SSOB02236_38

**प्रधान**
**पंचायत समिति, जहाजपुर**

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति, जहाजपुर**


### बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित

# जिला कलक्टर ने विभागों को रैंकिंग सुधारने के दिए निर्देश



**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि कार्यक्रम के तहत आवंटित लक्ष्यों के विरूद्व शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने के लिए सभी विभागीय अधिकारी तत्परता से कार्य करें और सभी पात्रों को लाभांवित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग कम है, वे अभी से योजना बनाकर अधिक मेहनत के साथ अपनी रैंकिंग सुधारें। बैठक में जिला कलक्टर ने बीससूत्री कार्यक्रम में जिले के ए श्रेणी मिलने वाले विभागों की सराहना की एवं आगे भी इसी प्रकार प्रगति लाने के निर्देश दिए। वहीं जिन बिन्दुओं में रैंक बी एवं सी मिली उनमें संबंधित बिन्दुओं के प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए रैंक बढाने के लिए के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने रैंकिंग में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यो के बारे में समीक्षा करते हुए प्रधामंत्री आवास योजना में निर्मित आवासों में विद्युत कनेक्शन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में पीएचईडी विभाग से जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर मनरेगा के तहत रोजगार सृजन, जॉब कार्ड जारी करने, मानव दिवस सृजित करने, न्यूनतम मजदूरी, खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण आवास, पेयजल, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, सामाजिक सुरक्षा, वृद्धों का कल्याण, अनुसूचित जाति-जनजाति परिवारों को सहायता, कृषि कनेक्शन, भू खण्ड आवंटन, छात्रवृश्रि सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुये समय पर लोगों को लाभान्वित करवाने की बात कहीं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अनूप सिंह, अतिरक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, पीएमओ डॉ. अमित गोयल, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. कैलाश सोनी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन जनों की मौत

**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** गंगानगर मार्ग पर लोहड़ी के दिन सुबह करीब 7 बजे गांव 16 बीबी के पास श्री गंगानगर से पदमपुर आ रही राजस्थान रोडवेज बस व बोलोरो गाड़ी की आमने-सामने भीषण टक्कर से एक ही परिवार के तीन जने की मृत्यु हो गई जबकि दो महिलाऐ गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें जिला मुख्यालय पर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। गांव 33 एमएल रायसिहनगर भीषण सड़क हादसा हो गया।



जिसमें दो पुरुष व एक महिला की मौत हो गई। गांव 33 एल एल रायसिहंनगर सोमवार को पंजाब में शोक व्यक्त करने के लिए बोलोरो गाड़ी से सुबह एक परिवार के 7-8 महिला पुरुष पदनपुर माग पंजाब जा रहे थे कि गांव 16 व 17 बीवी के वास बस व बोलेरो गाडी से आमने - सामने भीषण टक्कर होने पर बोलेरो गाडी मे बैठी महिला स्वर्ण जीत कौर व बादल सिंह, गुरचरण सिंह की घटना स्थल पर मौत हो गई।बिसन हादसे में बोलोरो गाड़ी के चिथड़े उड़ गए क रोडवेज बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क हादसे मे अन्य घायलो को पदमपुर राजकीय चिकित्सालय मे लाया गया है जहा प्राथमिक उपचार के बाद दो महिलाओं को रेफर कर दिया गया।

मृतकों का पोस्टमार्टम कर ने शवो को परिजनों को सोप देने के बाद गमगीन माहौल में नम आंखों से उनका अंतिम संस्कार गांव में किया गया। घटनास्थल का मौका मुआवाना पुलिस विभाग के सीओ संदीप चौहान श्रीकरणपुर व थाना प्रभारी सुरेंद्र राणा, एसडीएम अजीत गोदारा, तहसीलदार दर्शना देवी ने कर विभागीय जांच शुरू कर दी।

राजकीय चिकित्सालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी सहित मंडी व ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों ने इस दुखद हादसे पर गहरी चिंता व्यक्त की। सीओ संदीप चौहान ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वाहन चालकों को जागरूक करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है किंतु इसके बावजुद बहुत से वाहन चालक नियम कायदों को ताक पर रख लापरवाही से वाहन चलाते समय ओवरटेक कर सड़क दुर्घटनाओं को जानबूझकर निमंत्रण देते हैं।

उन्होंने भारी वाहन व अन्य वाहन चालकों सेआग्रह किया कि वो वाहन चलाते समय यातायात नियमों की पालना करे और घने कोहरे का बचाव करते हुए जरूरत पड़ने पर मार्ग पर वाहन को संचालित करे कभी भी ओवरटेक ना करे।

## पशु कल्याण पखवाड़ा आज से

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में 14 जनवरी से 30 जनवरी 2024 तक पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पशुपालन मंत्री ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों के साथ-साथ जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम व दया भाव जाग्रत करने की दृष्टि से विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर आमजन को जागरूक करने का प्रयास करेंगें। पशुपालन मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर पशुपालक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पशुपालकों को सामान्य रोगों की जानकारी के साथ पशु क्रूरता निवारण के उपायों, उचित पषु प्रबन्धन एवं पशु कल्याण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। सम्पूर्ण प्रदेष में बांझ निवारण, पशु शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर अधिकाधिक संख्या में पशुओं को लाभान्वित भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के दौरान पशु चिकित्सकों द्वारा राज्य की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में व्याख्यानों के माध्यम से जीव जन्तुओं के प्रति पशु क्रूरता निवारण पर जानकारी दी जायेगी। साथ ही शिक्षण संस्थाओं के सहयोग से पशु कल्याण विषय पर आधारित चित्रकला एवं वाद विवाद प्रतियोगितायें भी आयोजित की जायेंगी। जोराराम ने बताया कि पशु कल्याण पखवाडे के दौरान आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी सर्वोदय दिवस के अवसर पर राज्य में पशु पक्षियों का वध तथा मांस बिक्री अनिवार्य रूप से प्रतिबन्धित रहेगी। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने स्वयंसेवी संस्थाओं तथा गैर सरकारी संस्थाओं का भी आह्वान किया कि वे पखवाड़े के दौरान मूक पषु पक्षियों की सेवा के इस पुनीत कार्य से जुड़कर अपना योगदान दें।

## नवजात रोती रही और चूहे उसे खाते रहे, कड़ाके की ठंड में झाड़ियों में पड़ी थी

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** कड़ाके की ठंड में नवजात बच्ची को कोई झाड़ियों के बीच खुले प्लॉट में फेंक गया। चूहों ने उसे खा-खाकर लहूलुहान कर दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर कुछ लोग पहुंचे। सामने का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। बच्ची जमीन पर बिना किसी कपड़े के पड़ी थी। उसके शरीर पर जगह-जगह गहरे जख्म हो गए थे। उसे फौरन हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे 40 टांके लगाए हैं। फिलहाल वह आईसीयू में भर्ती है। मामला अजमेर के सिविल लाइन इलाके का है। सिविल लाइन थाना अधिकारी छोटू लाल ने बताया- नवजात बच्ची कुंदन नगर रोड पलटन बाजार स्थित शराब ठेके के पास रेलवे की दीवार के पीछे मिली थी। पुलिस कंट्रोल रूम में प्राइवेट बस के ड्राइवर नंदू ने सूचना दी थी। नंदू ने बताया था कि रविवार तड़के करीब 4 बजे कुंदन नगर रोड के पलटन बाजार स्थित शराब ठेके के पास बस रोकी थी। मैं गाड़ी से उतरकर टॉयलेट करने टूटी दीवार की ओर गया।

### विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल

# विधानसभा में होगा पेपरलैस कार्य

### विधायकों को आइपेड पर नेवा का प्रशिक्षण कल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के अथक प्रयासों से सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के तीसरे सत्र के लिए विधायकगण विधान सभा सदन से संबंधित कार्यों में सूचना तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। विधायकगण नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन पद्धति से कार्य सम्पादित करेंगे। ऑनलाइन कार्य सम्पादन में उत्कृष्टता लाने के लिए विधायकगण बुधवार 15 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे से सदन में आइपेड पर भौतिक प्रशिक्षण भी लेंगे।

अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि राजस्थान विधान सभा के सदन को नये कलेवर में तैयार किया गया है। सदन में विधायकगण की सीटों पर आइपेड लगाये गये हैं। अब राजस्थान विधानसभा को पेपरलैस बनाने की दृष्टि से सोलहवीं विधानसभा के तृतीय सत्र से नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) लागू किया जाएगा। विधानसभा का प्रत्येक सदस्य इस एप्लिकेशन के माध्यम से सदन से जुडी सभी जानकारी आईपेड पर देख सकेंगे।

### राजस्थान विधान सभा का प्रत्येक सदस्य करेगा सूचना तकनीक का उपयोग

देवनानी ने बताया कि विधायकगण मोबाइल से भी नेवा एप्लिकेशन एप द्वारा विधान सभा को ऑनलाइन प्रश्न प्रेषित कर सकते है। राजस्थान विधान सभा का सदन हाइटेक हो रहा है। सदन से संबंधित कार्य ऑनलाइन सम्पादित हो रहे है। नेवा के तहत विधान सभा को प्राप्त हुए 800 प्रश्न - राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के तहत विधान सभा को तारांकित और अतारांकित प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हो रहे हैं। अभी तक विधान सभा को 800 प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हो गए है। उन्होंने बताया कि गत 9 जनवरी को नेवा पर पहला प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हुआ था। देवनानी ने कहा कि अब राजस्थान के सभी विधायकगण विधानसभा को नेवा पर ऑनलाइन प्रश्न भेज रहे हैं। विधायकगण द्वारा विधान सभा संबंधी कार्यों के सम्पादन में सूचना तकनीक के उपयोग किये जाने पर अध्यक्ष देवनानी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश के लिए यह शुभ संकेत है।

## जल महल की पाल पर आज आयोजित होगा पतंग उत्सव

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी लेंगी भाग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में मंगलवार, 14 जनवरी को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आमेर रोड, जल महल की पाल पर काइट फेस्टिवल आयोजित होगा। पर्यटन आयुक्त विजय पाल सिंह ने बताया कि उपमुख्यमंत्री के निर्देशों पर भव्य काइट फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा हैं, फेस्टिवल में देशी-विदेशी पर्यटक और आम जन आमंत्रित हैं। आयुक्त ने बताया कि राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजन जयपुर जिला प्रशासन एवं जयपुर नगर निगम (विरासत) के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है पर्यटन उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह ने बताया कि फेस्टिवल के दौरान पतंगों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इस अवसर पर पतंग बनाने की विधा का प्रदर्शन किया जाएगा। फैंसी पतंगबाजी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। पर्यटकों के लिए पतंग, पारंपरिक व्यंजन व ऊँट गाड़ी सवारी की नि:शुल्क व्यवस्था भी रहेगी।

## बीएपी को मिला राज्य पार्टी का दर्जा

**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत आदिवासी पार्टी(बीएपी) को राज्य पार्टी का दर्जा मिल गया है। बीएपी सांसद राजकुमार रोत ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बीएपी के राजस्थान में एक सांसद और 4 विधायक हैं। भाजपा-कांग्रेस के बाद वर्तमान में यह प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

बीएपी से बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा निर्वाचन आयोग की ओर से बीएपी को राज्य पार्टी का दर्जा प्राप्त होने पर पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और मतदाताओं को धन्यवाद। दिन-रात मेहनत करके बहुत कम समय में पार्टी को राज्य पार्टी का दर्जा दिलवाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। बीएपी ने पिछले दिनों ही जयपुर में प्रदेश स्तरीय कार्यालय का भी उद्घाटन किया था। निर्वाचन आयोग किसी भी पार्टी को राज्य पार्टी का दर्जा उसके नियमों में आने पर देता है। बीएपी के राजस्थान में एक सांसद के साथ ही 4 विधायक है। इसमें बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से राजकुमार रोत सांसद, जबकि चौरासी से अनिल कटारा, आसपुर से उमेश डामोर, धरियावद से थावरचंद डामोर और बागीदौरा से जयकृष्ण पटेल विधायक हैं।

## कोटा में पत्नी के सामने नहर में कूदा पति

### 10 घंटे बाद 2 किमी. दूर मिला शव

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** बच्चों को समझाने के दौरान पत्नी से हुई कहासुनी में पति ने आवेश में कार तेज भगा दी। पत्नी चीखी तो कार रोक कर भागा और नहर में छलांग लगाकर जान दे दी। इसके बाद पत्नी ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी और मौके पर रेस्क्यू के लिए निगम की टीम को बुलाया गया। लेकिन, अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू नहीं हो सका। इसके बाद निगम की टीम ने सोमवार सुबह 10 घंटे बाद नहर में 2 चरूदूर शव को निकाला गया। युवक के सोशल मीडिया पर अपने परिवार के लिए एक इमोशनल पोस्ट भी की गई। यह पोस्ट सुसाइड से पहले की बताई जा रही है। मामला कोटा के कुन्हाड़ी थाना इलाके का बायीं मुख्य नहर का रात 10 बजे का है। युवक का शव आज 8 बजे निकाला गया।



**पत्नी के सामने नहर में कूदा** कुन्हाड़ी थाना सीआई अरविंद भारद्वाज ने बताया- देर रात रघुनंदन उर्फ निक्की (28) निवासी चेचट के नहर में कूदने की सूचना मिली थी। वह अपने ससुराल सकतपुरा से अपनी पत्नी पिंकी (44) के साथ लौट रहा था। वह पिछले 3 साल से अपनी पत्नी पिंकी के साथ अफोर्डेबल आवासीय योजना कंसुआ में किराए से रह रहा था। कंसुआ की ओर लौटते समय दोनों पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। रघुनन्दन ने बूंदी रोड पर बायीं नहर में कूदकर जान दे दी। पत्नी पिंकी और बच्चे भी मौके पर ही मौजूद थे। रात होने के कारण रेस्क्यू अभियान नहीं चलाया जा सका। सुबह निगम की टीम ने शव को घटनास्थल से 2 किमी दूर नहर से बाहर निकाला। शव को एमबीएस अस्पताल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया है।

**पत्नी ने टोका तो कार भगाई, नहर में छलांग लगाई** मामले को लेकर रघुनन्दन की पत्नी ने बताया- रविवार को खाना खाने और बच्चों को छोड़ने मायके काली बस्ती आए थे। रात को खाना खाकर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान पति बच्चों को समझाने लगे तो मैंने टोका था। इसी बात से गुस्सा होकर रघुनंदन कार को तेज गति से दौड़ाने लगे। मैंने चिल्लाकर गाड़ी रोकने को कहा। तो बोले- मैं गाड़ी आज नहर में कुदाऊंगा। इसके बाद जैसे-तैसे उनसे गाड़ी रुकवाई। गाड़ी के रूकते ही मैंने चाबी निकाल ली थी।

## एसडीएम थप्पड़ मामले में एसीजीएम कोर्ट में चालान पेश

**टोंक( हुक्मनामा समाचार)।** देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट अमित चौधरी (मालपुरा एसडीएम) को थप्पड़ मारने के मामले में नगरफोर्ट थाना पुलिस ने सोमवार को चालान पेश किया है। निर्दलीय प्रत्याशी रहे नरेश मीणा के उनियारा एसीजीएम कोर्ट में पैरवी करने वाले एडवोकेट रामस्वरूप मीणा ने बताया कि जांच अधिकारी उनियारा डीएसपी रघुवीर सिंह भाटी की ओर से घटना के 60 दिन बाद मुकदमा नंबर 166 में एसीजेएम कोर्ट में चालान पेश किया है। अन्य मामलों में अभी चालान पेश नहीं किया है। एडवोकेट मीणा ने बताया कि एसडीएम अमित चौधरी ने नरेश मीणा सहित अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया था। अनुसंधान अधिकारी ने जांच के बाद आज नरेश मीणा के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। इस मामले में 15 जनवरी को सुनवाई होगी।

## ट्रेनी-एसआई को ट्रेनिंग रुकने के बाद भी मिल रही सैलरी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** एसआई भर्ती-2021 के ट्रेनी सब इंस्पेक्टर को फील्ड ट्रेनिंग रुकने के बाद भी सैलरी मिल रही है। इसके खिलाफ मामले से जुड़े याचिकाकर्ता कैलाश चंद शर्मा ने हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर करने की तैयारी है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ट्रेनी एसआई की सैलरी रोकी जाए। दरअसल, हाईकोर्ट के आदेश से पुलिस मुख्यालय ने ट्रेनी एसआई को नॉन फील्ड कर दिया है। उन्हें सैलरी दी जा रही है। याचिकाकर्ता के वकील हरेन्द्र नील ने बताया कि यह स्थापित कानून है कि बिना काम के वेतन नहीं दिया जा सकता है। ऐसे में हमने कोर्ट से कहा है कि नो-वर्क, नो-पे का सिद्धांत लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ट्रेनी एसआई को ट्रेनिंग के दौरान 26,500 रुपए का भुगतान किया जाता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत, रायपुर**
पंचायत समिति आंधी (जयपुर)
आम सूचना
ग्राम पंचायत रायपुर के समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि जिन किसानों के बन्द नलकूप एवं कुए जो खुले पड़े हैं, उनको तीन दिवस में उपयुक्त ढक्कन से बन्द कर ग्राम पंचायत को सूचित करें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। दुर्घटना व रोकथाम हेतु राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाएं।

नीरज मीणा, सरपंच, ग्राम पंचायत रायपुर
ममता मीणा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रायपुर
राजेन्द्र पिंगोलिया, पटवारी, ग्राम पंचायत रायपुर

### मुख्यमंत्री के विजन को पूरा करने में जुटा माटी कला बोर्ड

# आठ जिलों के 160 मिट्टी कामगारों को मिलेंगे विद्युत चालित चाक

## श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ने लॉटरी से किया चयन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन को पूरा करने में श्रीयादे माटी कला बोर्ड पूरा शिद्दत से जुटा है। बजट घोषणा वर्ष 2024-2025 में प्रदेश भर के 1000 मिटी कामगारों को विद्युत चालित चाक व पगमिल (मिट्टी गूंथने की मशीन) आवंटन के लिए बोर्ड ने सोमवार को प्रदेश के आठ और जिलों के 160 मिट्टी कामगारों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया। उधोग भवन के सभागार में बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने




सवाईमाधोपुर, भरतपुर, धौलपुर, दौसा, टोंक, बूंदी, कोटा व बारां जिलों से आए जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इन जिलों की लॉटरी निकाली। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में 20-20 लोगों का चयन किया गया है। टाक ने बताया कि चयनित कामगारों को 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। टाक ने बताया कि पहले फेज में प्रदेश के 25 जिलों के 500 मिट्टी कामगारों का लॉटरी से चयन कर उन्हें प्रशिक्षण उपरांत विद्युत चालित चाक व पगमिल का वितरण किया जाएगा। अब तक कुल 9 जिलों के 180 मिट्टी कामगारों का चयन कर लिया गया है। शेष 16 जिलों के 320 मिट्टी कामगारों का चयन भी 20 जनवरी से पूर्व कर लिया जाएगा। टाक ने बताया कि 31 जनवरी-2025 से पहले समस्त 500 मिट्टी कामगारों को प्रशिक्षित करके उन्हें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन को साकार करते हुए स्वावलंबी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर के समस्त जिलों से कुल 13 हजार लोगों ने आवेदन किया है। बजट वर्ष 2024-2025 में राज्य सरकार ने 1000 मिट्टी कामगारों का लाभांवित करने का लक्ष्य रखा है) जिसे चालू वितीय वर्ष में पूरा कर दिया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत, धोला**
पं.स. जमवारामगढ़ (जयपुर)
आम सूचना
ग्राम पंचायत धोला के समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि जिन किसानों के बन्द नलकूप एवं कुए जो खुले पड़े हैं, उनको तीन दिवस में उपयुक्त ढक्कन से बन्द कर ग्राम पंचायत को सूचित करें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। दुर्घटना व रोकथाम हेतु राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाएं।

प्रकाशचंद गुर्जर, सरपंच, ग्राम पंचायत धोला
राजेन्द्र मीणा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत धोला
राहुल जांगीड़, पटवारी, ग्राम पंचायत धोला

CMYK

## एक नजर

### श्री राम मंदिर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पौषबडे वितरण

**कोटकासिम ( हुक्मनामा समाचार )।** सोमवार को कस्बे के आजाद चौक पर श्री राम मंदिर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राकेश कुमार सैनी शिव मेडिकल वाले एवं उनके सहयोगियो के तत्वाधान में पौषबडा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर गर्म-गर्म पौषबडा एवं चाय की नि:शुल्क सेवा की गई। आने-जाने वाले राहगीरो एवं स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र के लोगो ने दिनभर पौषबडे का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह करीब 9 बजे भगवान राम के दरबार की प्रतिमा पर पौषबडे का भोग लगाकर प्रसाद वितरण का कार्य शुरू किया गया जो दिनभर जारी रहा। इस अवसर पर डॉ0 राजेश सैनी, डॉ0 सन्नी, नीरज गुप्ता, गौ रक्षक चतुर्भुज शर्मा, अजय गुरूजी, सोमदेव यादव, केशव अग्रवाल, हितेश गुप्ता, सुनिल सैनी, रामविजय गुप्ता सहित काफी संख्या में युवाओ ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### बी.के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** बी.के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में 13 जनवरी 2025 को लोहड़ी और मकर संक्रांति के पर्व को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान ने छात्रों और शिक्षकों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया।

संस्था के निदेशक डॉ. एस.एम. प्रसन्ना ने इस पर्व के बारे में बात करते हुए कहा कि लोहड़ी और मकर संक्रांति जैसे पारंपरिक त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक हैं। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए अपनी सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों तक इसे पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया। जीएम कमर्शियल श्री. केके पारीक ने छात्रों को ऐसी पारंपरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

संस्था के प्रचार्य महोदय डॉ.विपिन कुमार ने कहा कि ऐसे पर्व न केवल खुशी और उल्लास लाते हैं, बल्कि हमें सामूहिकता, प्रकृति के प्रति आभार और अपने मूल्यों के प्रति जागरूक होने का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी को अपनी संस्कृति के महत्व को समझने और इसे सहेजने के लिए प्रेरित किया। लोहड़ी के कार्यक्रम में संस्थान के विद्यार्थियों ने भांगड़ा एवं गिद्दा के साथ लोहड़ी का आनंद लिया। संस्था में मूंगफली, रेवड़ी और गजक का वितरण किया गया। पारंपरिक गीतों और नृत्य ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योत्सना पंवार, सुश्री प्रियंका शर्मा और सुश्री शेफाली ने किया।

### तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर किया विरोध प्रदर्शन

**कोटकासिम ( हुक्मनामा समाचार )।** सोमवार को कोटकासिम थाना क्षेत्र के गांव जकोपुर में गत 8 जनवरी को भैंसा चोरी होने के बाद लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते आज जकोपुर गांव में करीब 11 गांवो के पंच-पटेलो की पंचायत में ग्रामीणो द्वारा पुलिस की कार्यशैली पर आरोप जडे गये तथा सर्व सम्मति से लामबंद होकर कोटकासिम तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां पर एकत्रित ग्रामीणो द्वारा तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है की गत 8 जनवरी की रात को करीब साढे 10 बजे दो अज्ञात चोरो द्वारा जकोपुर गांव में एक घर के सामने बैठे हुए भैंसे को चोरी कर ले गए। जिसका एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। चोरी की घटना को लेकर गत 11 जनवरी को पांच गांव के ग्रामीणो द्वारा कोटकासिम पुलिस थाने में चोरी की घटना का विरोध किया गया तथा थाना अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से चोरी में लिप्त आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई। ग्रामीणो का आरोप है की कोटकासिम पुलिस की तरफ से कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस के ढीले रवैये के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

### चोरी की घटना का खुलासा शीघ्र नही होने पर 18 जनवरी को चक्काजाम करने की दी चेतावनी

**कोटकासिम ( हुक्मनामा समाचार )।** ज्ञापन सौपने आये ग्रामीणो ने कहा की यदी पुलिस प्रशासन द्वारा 18 जनवरी तक उनके गांव से चोरी हुए भैंसे को बरामद नहीं किया गया तो बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होकर धरना प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। ग्रामीणो का कहना हैकी गांव में से पहले भी करीब 5 से 6 भैंसे और गाय चोरी हो चुकी है। जिसकी शिकायत पुलिस थाने में दी गई है। लेकिन पुलिस ने उन शिकायतों पर कोई भी कार्यवाही नहीं की। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। जिसके चलते पशुपालको को इसका खामियाजा भुगतना पड रहा है। उन्होने प्रशासन को चेतानी भरे शब्दो में कहा है की चोरो को शीघ्र गिरफ्तार किया जाये तथा चोरी किये गये भैंसे को बरामद कर पशुपालको को राहत प्रदान की जाये। अन्यथा 18 जनवरी को आस-पास के दर्जनो गांवो क ग्रामीण कोटकासिम मुख्य सडक मार्ग पर चक्काजम करेगे। जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।

**इनका कहना है :** कोटकासिम तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया है। गांव से चोरी हुए भैंसे को बरामद करने की मांग की गई है। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध पिकअप-गाड़ी को भी जप्त किया है और एक व्यक्ति को डिटेन किया है। पुलिस की टीमें चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। जल्दी ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### आज होगा शिव गौरक्ष धाम गौशाला में रागनी कम्पटीशन का आयोजन

**कोटकासिम ( हुक्मनामा समाचार )।** कस्बे के रेवाड़ी रोड़ आलमपुर स्थित शिव गौरक्ष धाम गौशाला की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर मकर सक्रांति के पर्व के दिन विशाल रागनी कम्पटीशन का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा श्रद्धालुओं को पौषबड़े का प्रसाद भी वितरित किया जायेगा। गौशाला निदेशक रिंकू गुर्जर कासिमपुर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 8 बजे हवन व गौपूजन के साथ किया जायेगा। इसके पश्चात प्रात: 10 बजे दौलतनाथ आश्रम जौड़िया के महंत बिह्लूनाथ महाराज दीप प्रज्वलित करेंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में घीकाका से धर्मेंद्र कुमार शर्मा होंगे। वहीं रागनी कम्पीटीशन में दीपा चौधरी एंड पार्टी पलवल के कलाकार दीपा चौधरी, उमाशंकर जोशी नोएडा ,कोमल चौधरी पलवल, अजीत बैंसला, भावना भाटी, नेहा चौधरी डांसर अपनी प्रस्तुति देंगे। वही कार्यक्रम का मंच संचालन गौशाला के मीडिया प्रभारी योगेश अग्रवाल द्वारा किया जायेगा।

# परमात्मा से जुड़ाव ही सच्ची भक्ति का आधार



**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** ''भक्ति वह अवस्था है, जो जीवन को दिव्यता और आनंद से भर देती है। यह न इच्छाओं का सौदा है, न स्वार्थ का माध्यम। सच्ची भक्ति का अर्थ है परमात्मा से गहरा जुड़ाव और नि:स्वार्थ प्रेम।'' यह प्रेरणादायक विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 'भक्ति पर्व समागम' के अवसर पर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

संत निरंकारी मंडल के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के अमृत खत्री ने बताया कि इसी संदर्भ में अलवर मैं भी सोमनाथ जी की अध्यक्षता में भक्ति पर्व समागम मनाया गया इस अवसर पर सभी भक्तजनों को संबोधित करते हुए सद्गुरु का संदेश देते हुए कहा भक्ति नाम समर्पण का भक्ति में शर्तें नहीं चलती और भक्ति पर्व समागम पर आसपास के जिले से आपार श्रद्धालु भक्त इस दिव्य संत समागम में सम्मिलित हुए और सभी ने सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक आनंद की दिव्य अनुभूति प्राप्त की। समागम के दौरान अनेक वक्ताओं, कवियों और गीतकारों ने विभिन्न विद्याओं के माध्यम से गुरु महिमा और भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया। सतगुरु माता जी ने भक्ति की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान भक्ति का आधार है। द्ययह जीवन को उत्सव बना देता है। भक्ति का वास्तविक स्वरूप दिखावे से परे और स्वार्थ व लालच से मुक्त होना चाहिए। जैसे दूध में नींबू डालने से वह फट जाता है, वैसे ही भक्ति में लालच और स्वार्थ हो तो वह अपनी पवित्रता खो देती है।

सतगुरु माता जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान हनुमान जी, मीराबाई और बुद्ध भगवान का भक्ति स्वरूप भले ही अलग था, लेकिन उनका मर्म एक ही था- परमात्मा से अटूट जुड़ाव। भक्ति सेवा, सुमिरन, सत्संग और गान जैसे अनेक रूपों में हो सकती है, लेकिन उसमें नि:स्वार्थ प्रेम और समर्पण का भाव होना चाहिए। गृहस्थ जीवन में भी भक्ति संभव है, यदि हर कार्य में परमात्मा का आभास हो। सतगुरु माता जी ने माता सविंदर जी और राजमाता जी के जीवन को भक्ति और समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इन विभूतियों का जीवन भक्ति और सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है। निरंकारी मिशन का मूल सिद्धांत यही है कि भक्ति परमात्मा के तत्व को जानकर ही सार्थक रूप ले सकती है।

## रिलायंस बनाएगा महाकुंभ में 'कैम्पा-आश्रम', तीर्थ यात्री कर सकेंगे आराम




**प्रयागराज, ( हुक्मनामा समाचार )।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) महाकुंभ में 'कैम्पा आश्रम'बनाने जा रहा है। इन विशेष तौर पर बनाए गए विश्राम स्थलों में तीर्थयात्री आराम करने के साथ साथ जलपान भी ग्रहण कर सकेंगे। 'कैम्पा आश्रम' को इस तरह डिजाइन किया गया है कि तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और शांत स्थान मिल सके। इसके अलावा रिलायंस कुंभ क्षेत्र में तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए स्पष्ट और आसानी से पढ़े जाने वाले साइनेज और दिशासूचक बोर्ड भी लगा रहा है।

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीईओ केतन मोदी ने कहा, महाकुंभ प्रयागराज 2025 में हमारी भागीदारी इस भव्य आध्यात्मिक समागम की भावना को सम्मान देने के लिए है। एक कंपनी के रूप में, हम भारतीय परंपराओं से गहराई से जुड़े हैं। इस पवित्र आयोजन के दौरान समुदाय की सेवा कर हम भारतीय उपभोक्ता की विरासत को नया रूप दे रहे हैं।

बताते चलें कि महाकुंभ के पावन पर्व की शुरुआत हो चुकी है। पौष पूर्णिमा को महाकुंभ का पहला स्नान 13 जनवरी को किया गया। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं। कुंभ के पहले दिन स्नान के लिए त्रिवेणी पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रिलायंस ने कहा है कि कंपनी को दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागमों में से एक, महाकुंभ प्रयागराज 2025 में भाग लेने और सेवाकार्य करने का सौभाग्य मिला है। महाकुंभ का पहला अमृत स्नान (शाही स्नान) 14 जनवरी को किया जाएगा।

## आज के युवा के सामने कई चुनौतियां

**भुसावर ( हुक्मनामा समाचार )।** प्रतीक वह व्यक्ति युवा है जो अपने कार्य में थकान महसूस नहीं करता तथा ऊर्जावान है आज के युवा के सामने कई चुनौतियां हैं आज के युवा को अपने शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास की तरफ ध्यान देना आवश्यक है क्योंकि यह तकनीकी योग है यह कहना है कृषि महाविद्यालय के दिन डॉक्टर उदयभान सिंह का डॉक्टर उदयभान सिंह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे डॉक्टर सिंह ने कहा कि बाजार से नियंत्रित अर्थव्यवस्था के युग में सामाजिक रिश्ते चिन्ह भिन्न हो रहे हैं । युवा अपने आप को अकेला महसूस कर रहा है। अन्य वक्ताओं ने अपने उदबोधन में कहा कि बढ़ते आर्थिक युग के कारण भी युवाओं में मानसिक तनाव है युवाओं को आधुनिक युग के अनुसार अपने आप को डालना होगा उसे तकनीकी रूप से सशक्त होना होगा युवाओं को अपने जीवनसाथी को समान अधिकार और सम्मान देने की सोच विकसित करनी होगी आधुनिक युग में युवाओं को अधिक जोखिम उठाने की क्षमता विकसित करनी चाहिए हर युवा को क्रांतिकारी होना चाहिए युवा बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं।

## आज पहुंचेगी रामदेवरा से अखंड ज्योत पदमपुर में होगा जगह-जगह स्वागत



**पदमपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** श्री बाबा रामदेव देव सामाजिक समस्यता रथ यात्रा का पदमपुर पहुंचने पर मंगलवार भगत सिंह चौक सहित अन्य मार्गों पर होगा जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत । विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं बाबा रामदेव पैदल यात्री संगठनो के प्रतिनिधियों ने बीति रात श्री बाबा रामदेव मंदिर मे पुजारी भदूराम की अध्यक्षता में बैठक कर निर्णय लिया कि 14 जनवरी साथ 4 बजे श्री बाबा रामदेव सामाजिक- समरसता रथ यात्रा ( अखंड ज्योत ) विभिन्न स्थानों से होते हुए भगत सिंह चौक से पैदल श्री बाबा रामदेव मंदिर पहुंचने पर पुष्पवर्षा से जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा । बैठक ने अमित बलाना , अंशु बिलंदी , मैसू धीगडा , भरत मदान , एडवोकेट भारत जोशी ,विजय मित्तल राज कुमार ,गजरा ,अशोक चावला, धनराज वमी , बहादर चंद गंभीरी , अमनी , मनीष गजरा , पवन तनेजा , मुकेश कायथ , सनी चौहान ,कृष्ण जालधरा, सुखविंदर सिंह, बिट्ठू , बीरबल सूर्यवंशी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## धीरज पाण्डेय् के भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नियुक्ति पर सम्मान



**भुसावर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में की गई मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति में स्थानीय नगर पालिका के उपाध्यक्ष धीरज पांडे को भुसावर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नगर पालिका भुसावर अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनीता प्रकाश जाटव द्वारा माला साफ़ पहनाकर सम्मान किया! इस अवसर पर प्रकाश जाटव ,राजेंद्र सैनी राजन पाराशर ,दुर्गेश बुटोलिया ,निक्की पाण्डेय ,कुलदीप शर्मा, पुनीत पाण्डेय, भूपेश पाण्डेय ,सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

## नांगल सालिया से निकलने वाले समस्त विद्युत फीडरो की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी आज

**कोटकासिम ( हुक्मनामा समाचार )।** मंगलवार को 33 केवी जीएसएस नांगल सलिया पर पॉवर ट्रांसफॉर्मर चार्ज करने के कारण समस्त 11 केवी फीडरो की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत कनिष्ठ अभियंता एवं एचटीएम अंकिता यादव ने बताया की 14 जनवरी मंगलवार को क्षेत्र के नांगल सालिया जीएसएस पर पॉवर ट्रांसफॉर्मर चार्ज करने के कारण जीएसएस से निकलने वाले समस्त 11 केवी फीडरो की विद्युत सप्लाई सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी।

## श्री नन्दी गौशाला में रागनी कम्पटीशन का हुआ आयोजन

**कोटकासिम ( हुक्मनामा समाचार )।** सोमवार को कोटकासिम की रेवाडी रोड सब्जी मंडी के पास स्थित श्री नन्दी गौशाला में गौपूजन, भजन-कीर्तन सहित संत समागम का आयोजन हुआ। गौशाला संचालक पवन सोनी बताया की मकर सक्रांति के एक दिन पूर्व 13 जनवरी सोमवार को श्री नन्दी गौशाला के प्रांगण में सुबह के समय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ के साथ ही गौपूजन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में संत समागम के दौरान इसरोदा धाम के सुबेदास महाराज, दाईका आश्रम के महंत तपस्वीगिरी महाराज, तिंगावा आश्रम के सीताराम की महाराज, बाबा मोहनराम मंदिर शेरपुर के महंत अशोक कौशिक, पवित्र मनन दीप के संस्थापक भास्कर भारद्वाज सहित काफी संख्या में साधुओ ने भाग लिया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंशी राम गुप्ता, राधेश्याम सोनी, धरमवीर फौजी, डॉ अरुण मुदगल समाजसेवी रहे। वही कार्यक्रम के दौरान भामाशाह मुंशी ठेकेदार, राधेश्याम सोनी अशोक अग्रवाल, भुनेश यादव, धर्मवीर फौजी, संदीप चौधरी, तिलक राज गुप्ता द्वारा गौशाला परिसर में 1,51000 रूपये का सहयोग दिया गया। इसके साथ ही मुकेश सैनी विहिप जिला सह मंत्री, गौ रक्षा दल कोटकासिम श्री नंदी गौशाला सचिन राकेश कुमार, पवन सोनी गौशाला संचालक, जय बजरंग दल संयोजक राजेंद्र (नागा) द्वारा गौशला में 6 1000 रूपये की राशि का सहयोग किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुंशी बागड़ी, पवन फलसवाल, मुन्ना ठेकेदार, यशपाल शर्मा, निखिल राठी, सौरव, मुकुल, बादल, अजय, अंकित, गोलू, पुन्नी, गोली प्रजापत, रोहित, हरीश सहित काफी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## बौद्धिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिये अपने टेलैन्ट



**भुसावर ( हुक्मनामा समाचार )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार स्थानीय श्री जगन्नाथ पहाड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुसावर में छात्र-छात्राओं की बौद्धिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिता 2024- 25 का ब्लॉक स्तरीय आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी, एकल गायन, आशु भाषण, पोस्ट एवं निबंध प्रतियोगिता में अपना टैलेंट दिखाकर स्थान बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य के अनुसार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मेघश्याम एवं प्रियांशु प्रेम पब्लिक स्कूल प्रथम, मनीष सैनी एवं डोली राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय एवं मनीष चौबे व अभिषेक स्थानीय विद्यालय भुसावर तृतीय रहे। एकल गायन प्रतियोगिता में काजल प्रजापत स्थानीय विद्यालय प्रथम, ज्योति प्रजापत बालिका विद्यालय प्रथम, ज्योति प्रजापत बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भुसावर द्वितीय ,आशु भाषण प्रतियोगिता में मनीषा सैनी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम ,जय शर्मा प्रेम पब्लिक स्कूल द्वितीय, रमाकांत स्थानीय विद्यालय तृतीया, पोस्टर प्रतियोगिता में कृष्णा जांगिड़ प्रेम पब्लिक स्कूल प्रथम ,साधना स्थानीय विद्यालय द्वितीय, कोमल बालिका विद्यालय भुसावर तृतीया एवं निबंध प्रतियोगिता में जागृति पाण्डेय् प्रेम पब्लिक स्कूल प्रथम, मोहित प्रजापत स्थानीय विद्यालय द्वितीय एवं सानू बालिका विद्यालय तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता संयोजक दशरथ शर्मा ने बताया कि सभी प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे । प्रतियोगिता में मदन मोहन, राजवीर, अनुपम गर्ग,,विमलेश सैनी ,हुकुमचंद, रवि भारद्वाज ,पवन पाण्डेय् सहित विषय विशेषज्ञ निर्णायक रहे । प्रतियोगिता रोशन लाल पहाड़िया उपप्राचार्य के निर्देशन में दशरथ शर्मा के संयोजन में संपन्न हुई।

पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025

## फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिया में स्वादिष्ट व्यंजनों बनाकर महिलाओं ने किया पाक कला का प्रदर्शन

**जोधपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव में प्रतिदिन आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की कड़ी में सोमवार को फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महिलाओं और युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और निपुण पाककला का प्रदर्शन करते हुए कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। उत्सव सह संयोजक मीनू दूगड़ ने बताया कि लघु उद्योग भारती के प्रांत अध्यक्ष एवं मेला समन्वयक महावीर चोपड़ा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में इंडिया एक्सपो मार्ट के डायरेक्टर श्री निर्मल भंडारी एवं जीतो जोधपुर चेप्टर चेयरमैन आशा भंडारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे वहीं शिल्पा नैगी एवं वंदना बालानी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। उत्सव समन्वयक मोना हरवानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 30 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिन्होंने पनीर स्प्रिंकल, डॉयफ्रूइट लड्डू, इटेलियन सुअपर्स, ब्रेड रस मलाई, सहित अलग-अलग प्रकार की डिश बनाई। प्रतियोगिता समन्वयक वीणा सखरानी ने बताया कि शेफ एम एस गिल, शेफ डॉ पुष्पेंद्र बाला एवं शेफ अर्जुन मिदाई ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई।

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया

**शाहपुरा ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में त्रिवेणी रोड़ पर स्थित त्रिवेणी इन्फोटेक सेंटर पर निदेशक मातादीन प्रजापत की अध्यक्षता में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान प्रजापत ने कहा कि युवाओं को स्वामी जी के आदर्शों पर चलकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। भारत युवा देश है और आज के युवा कल के भारत है। युवाओं को अपनी शक्ति देश के विकास और तरक्की में लगानी चाहिए। इस मौके पर एक दर्जन लोग मौजूद थे।

## जनसुनवाई कार्यक्रम,शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने लोगों के सुने अभाव-अभियोग

**शाहपुरा ( हुक्मनामा समाचार )।** कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने रविवार को अपने निज आवास बिलान्दरपुर में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने विधायक मनीष यादव को समस्याओं से अवगत करवाकर समाधान करने की मांग की। इस अवसर शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता की समस्या सुनना व समाधान करना एक जनप्रतिनिधि का प्रमुख कर्तव्य है। वर्तमान समय में भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में विकास कार्य करवाने की जगह केवल अफवाह फैलाई जा रही है। धरातल पर एक भी कार्य नहीं लाया जा रहा। इस दौरान बेरोजगार युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मिलकर आरपीएससी द्वारा निकाली गई 1 व 2 ग्रेड भर्तीयों में पद बढ़ाने के लिए ज्ञापन सौंपे। जिस पर विधायक मनीष यादव ने विधानसभा में पुरजोर तरीके से इन मुद्दों को उठाने की बात कही। साथ ही विधायक यादव ने विधानसभा क्षेत्र में पानी, सड़क, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा व अन्य विभागों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## वाहन चालकों को नियम पालना की शपथ दिलाई

**धौलपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर के निर्देशन में मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा सागर पाड़ा पर वाहन चालकों के मध्य की जा रही समझाइश के अंतर्गत वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना की शपथ दिलाई गई। परिवहन निरीक्षक सूरज भान ने वाहन चालकों को नियमों के बारे में जानकारी दी और शपथ ग्रहण कराई कि वे सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे व पैदल चलने वाले राहगीर का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल को तत्काल प्रभाव से नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर हम एक अच्छे मददगार की भूमिका अदा कर सकते हैं, जिसके लिए राजस्थान सरकार द्वारा अच्छे मददगार करने वाले नागरिक को सम्मानित किए जाने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जब तक वाहन चालक ना चाहे पुलिस आपका बयान नहीं लेगी और वाहन चालक पुलिस की कार्रवाई से भी बच सकते हैं। इसलिये सड़क दुर्घटना में पीड़ित को नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाएं और उसका जीवन बचाएं। इस अवसर पर उनके द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाए गए और वाहन चालकों के वाहन संबंधित दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया।

## वेटर्नस डे आज

**सीकर, ( हुक्मनामा समाचार )।** कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जनवरी 2025 को प्रात: 10 बजे शहीद स्मारक पर प्रेम सिंह बाजौर अध्यक्ष राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति की अध्यक्षता में वेटर्नस डे मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सर्किट हाउस में अध्यक्ष द्वारा शहीद वीरांगनाओं व अलंकृत सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा।

# पावटा उपजिला अस्पताल के सामने अस्थायी कट खुलवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन



**पावटा ( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला के नेतृत्व में एनएच 48 सड़क मार्ग पर पहुंचे और पावटा उपजिला अस्पताल के सामने एनएचआई द्वारा बंद किये अस्थायी कट को खुलवाने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। लोगों का कहना है कि हाईवे पर कट न दिए जाने के कारण प्रतिदिन सर्विस लाईन पर कई किलोमीटर तक लम्बा जाम लगा रहा है। जिसके चलते ग्रामीण अत्यधिक परेशान है। हाइवे पर प्रदर्शन कि सूचना से प्रागपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइस का प्रयास किया। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने बताया कि पावटा सत्ताईसा क्षेत्र का केन्द्र स्थल है और आसपास के क्षेत्र से यहां हजारों की संख्या में ग्रामीण खरीददारी करने आते है। पावटा उपजिला अस्पताल में नियमित 1500 से 02 हजार के लगभग ओपीड़ी है। बाजार से अस्पताल कि ओर आने पर सर्विस लाईन पर लंबा जाम लगा रहता है और दूसरी ओर से अस्पताल आने में करीब 10 किलोमीटर तक चक्कर लगाना पड़ रहा है। जिससे कई तरह की परेशानी उन्हें उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में इमरजेंसी केसेज के लिए एम्बूलेंस को भी अत्यधिक दूरी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों के सामने ओर भी बड़ी समस्या बनी रहती है। वहीं एनएचआई द्वारा कट बंद किये जाने से नाराज ग्रामीणों ने पावटा उपखंड कार्यालय पहुंचकर आरएएस अधिकारी दिनेश कटारिया को उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर उपजिला अस्पताल कट खुलवाने की मांग की। इस दौरान समाजसेवी गिरधारी खोला, करतार सिंह, मालीराम बाड़ीगर, मातादीन नेता, संतलाल डेलिगेट, राकेश मीणा, भीमसिंह शेखावत, जितेंद्र यादव, नरेश सिसोदिया, कैलाश सुजातनगर, अक्षय खंडेलवाल, मुकेश यादव, गिरधारी यादव, अजय धानका, विष्णु इंदौरिया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** गोपीनाथ गौ सेवा समिति के तत्वाधान में प्रयागराज महाकुंभ और अयोध्या के लिए यात्रा का प्रस्थान हुआ समिति के अध्यक्ष शैलेष जैन ने बताया की यात्रा को हरि झंडी लोहार्गल धाम से सूर्य मठ के पीठाधीश्वर महंत अवधेशाचार्य जी महाराज के सानिध्य में और माननीय श्रीमान अजीत सिंह नाथावत और श्रीमती अन्नपूर्णा माता के सानिध्य में यात्रा का प्रस्थान हुआ यात्रा में सीकर से तीन गाड़ियां रवाना होकर प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेगी इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष पूनम शर्मा विपुल अग्रवाल सुमित कुमावत गोविंद सिंघानिया शिवजी कुमावत अंकित कुमावत शुभम सैनी दीनदयाल दोदराजका दिलीप अग्रवाल मधु शर्मा कांता शर्मा नीतू शर्मा राजा सैनी कंचन शर्मा सुनीता देवी प्रकाश कुमावत कमल शर्मा प्रभात जैन सुनील सोनी अनिल सोनी किरण कुमावत सहित 60 यात्री यात्रा के लिए रवाना हुए इस अवसर पर गोपीनाथ गौ सेवा समिति के सदस्य यात्रा के लिए प्रस्थान किए।

## श्री मंगल महोत्सव समारोह की तैयारियो को लेकर बैठक आयोजित

**रतनगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** स्थानीय मंगल वस्तु भंडार में श्री मंगल महोत्सव को लेकर संस्था के अध्यक्ष बद्रीप्रसाद बणसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हुआ। अध्यक्ष बंशीया ने बताया कि मंगल महोत्सव का कार्यक्रम 6 फरवरी व 8 फरवरी 2025 दो दिन का होगा जिसमें 6 फरवरी को मेंहदी प्रतियोगिता एवं अन्य खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा एवं 8 फरवरी को श्री मंगलदत्त जी महाराज जी का पादुका पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण, विशिष्टजन सम्मान तथा समाज के सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी वर्ष 2023-24 में 80त्न से अधिक अंक, स्नातक व स्नातकोत्तर में 60त्न से अधिक अंक प्राप्त करने छात्र छात्राओं का, राज्य सरकार / केंद्र सरकार में स्थाई रूप से नियुक्त कार्मिक, विशिष्ट योग्यता, इंजीनियर, चार्टेड एकाउंटेंट, भारतीय प्रशासनिक सेवा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा, राजस्थान न्यायिक सेवा, डॉक्टर, खेल व अन्य योग्यता साहसिक कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर बनवारीलाल बील, आसुतोष पुरोहित, मनोज जोशी, दीपक डिडवानिया, पवन माटोलिया, नथमल जोशी, शशी नोहाल, श्याम सुन्दर जोशी, हरि प्रसाद मंगलहारा, बुधमल माटोलिया, हीरालाल नोहाल आदि उपस्थित थे।

## भारत भ्रमण यात्रा 22 को

**रतनगढ़।** शक्ति स्वरूपा मां टीडा-गेला अपने दिव्य एवं अलौकिक रथ पर सवार होकर 11 दिसंबर 2024 को ढांढण धाम से रवाना होकर सम्पूर्ण भारत वर्ष की अपनी भारत भ्रमण यात्रा के अंतर्गत 22 जनवरी 2025 को प्रात 10 बजे रतनगढ़ क्षेत्र में पहुंच रही हैं । क्षेत्र में पहुंचने पर समस्त दादी भक्तों द्वारा दादी जी की यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। भक्तों को साथ लेकर भव्य निशान यात्रा के साथ स्थानीय धानुका कुआं से प्रात 11 बजे अग्रसेन भवन तक नगर भ्रमण करेंगी। सांय 5 बजे से 8 बजे तक अग्रसेन भवन में विराट भजन संध्या का आयोजन में कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक कलाकार नवीन जोशी व स्थानीय गायक राजू मंगलहारा अपने कर्ण प्रिय भजनों से मां की महिमा का गुणगान करेंगे।

## स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

**रतनगढ ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय मजदूर संघ (चूरू जिला ऑटो चालक संघ) के तत्वावधान स्थानीय प्रजापति भवन में नववर्ष के उपलक्ष में संघ द्वारा ऑटो चालकों का स्नेह मिलन समारोह का आयोजन का शुभारम्भ भगवान विश्वकर्मा व मां भारती का पूजन पुष्प अर्पित कर किया वभारतीय मजदूर संघ संस्थापक दंतोपंत ठेंगड़ी की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ संरक्षक रमेश जेदिया द्वारा की गयी व मंच पर आसीन पार्षद रामकिशन माटोलिया, रमेश पारीक, भरत सैनी, मनोज हारित, सुबोध सारस्वत, व प्रदीप लढा और संघ जिला उपाध्यक्ष मनोज पंवार, जिला मंत्री संजय शर्मा, तहसील अध्यक्ष महेश शर्मा, सचिव अमरचन्द स्वामी, एडवोकेट सुरेन्द्र जयसवाल, वरिष्ठ सदस्य आमिन तगाला आदि मंचस्त थे। संघ द्वारा मंचस्त अतिथियो का स्वागत भगवान श्रीराम का चित्र भेंट करके किया। श्याम मित्र मण्डल की ओर से विनोद बर्फीया ने तहसील अध्यक्ष महेश शर्मा का भगवान का चित्र भेंट कर स्वागत किया।

## बागावास चौरासी के शिव मंदिर पर पोषबड़ा महोत्सव का आयोजन

**विराटनगर ( हुक्मनामा समाचार )।** ग्राम पंचायत बागावास चौरासी स्थित शिव मंदिर पर सोमवार को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन हुआ। अमित मीणा अध्यक्ष मीन सेना ने बताया कि शिव मंदिर में हलवा - पकौड़ी का भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान विकास मीणा, मनोज कुमार पारीक, अशोक मीणा, लालचंद कुम्हार,



ग्यारसी लाल, सन्तोष कुमार मीणा, सुनील कुमार वर्मा, गब्दूराम मीणा, कोकलेश सिंह सुवालाल कुम्हार, जयराम वर्मा, प्रहलाद सिंह, कैलाश अ., जितेन्द्र मीणा, मालीराम मीणा, भैरूंराम मीणा, लक्ष्मण सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दीपचंद्र पारीक, विनोद अग्रवाल, रामजीलाल कुम्हार, सोनु पारीक, गोकुल कारीगर, राकेश मीणा, गौतम सेन,सहित आस पास के सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसादी ली।

# लाडाकाबास में भूमाफिया से अतिक्रमण खाली करवाने की मांग

## पावटा तहसीलदार दिनेश कटारिया को सौंपा ज्ञापन

**पावटा ( हुक्मनामा समाचार )।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लाडाकाबास कि ढाणी बागाला वाली स्थित मंदिर की खसरा नम्बर 45 जिसकी 1.20 हैक्टेयर मौजूदा भूमि है। जिस पर भूमाफिया द्वारा अवैध तरीके से किये जा रहे अतिक्रमण को खाली करवाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव के नेतृत्व में पावटा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। पूरण यादव ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि भू-माफिया बाहुबली रामनिवास पुत्र लक्ष्मीनारायण ने यहाँ बेस कीमती जमीन पर जबरन अवैध तरीके से कच्चे मकान निर्माण व अवैध रूप से सिंचाई बोरिंग तार - बाड़ इत्यादि से अतिक्रमण कर रखा है। यहां मंदिर की भूमि के नजदीक ही ग्रामवासियों की श्मशान भूमि भी है। जहाँ श्मशान में जाते



समय ग्रामीणों को उक्त रास्ते से जाने में अतिक्रमी लोगों का रास्ता रोकता है। विरोध करने पर उक्त मंदिर माफिया ग्रामीणों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवाता है। उन्होंने बताया कि ग्रामवासियों में उक्त भूमाफिया से दहशत का माहौल बना है। लोगों का आरोप है कि अतिक्रमी को बड़े स्तर से भू-माफियाओं का संरक्षण प्राप्त है। जिसके चलते वो बैखोफ होकर अवैध कब्जा करने से बाज नहीं आ रहा है। मौके पर हुए अतिक्रमण को गम्भीरता से लेते हुए ग्रामीणों ने तहसीलदार दिनेश कटारिया को ज्ञापन सौंपकर उक्त मामले से अवगत करवाया और कहा कि प्रशासन निष्पक्ष होकर मामले की जांच करें और अतिक्रमण को खाली करवाकर उक्त भूमाफिया के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें। सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव ने कहा कि प्रशासन जनहित के मुद्दों को गम्भीरता से लेकर अविलंब कार्यवाही करें अन्यथा मजबूरन ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने पर आमदा होना पड़ेगा। पावटा तहसीलदार दिनेश कटारिया ने जल्द से जल्द अतिक्रमण खाली करवाने व दोषित व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया है। णस दौरान ग्रामीण शिम्भू दयाल राबड, रामचंद्र यादव, रामनिवास वर्मा, धोलाराम यादव, श्योपाल यादव, समाजसेवी विक्रम टाटला, मोहन यादव, नरेश गिल्या, बीरबल, दयाराम, हवासिंह रामुतार, शिंभू नाथिल्या, राजू यादव, महेश वार्ड पंच, जयराम, डालूराम, लालचंद, मनफूल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## केडीएम के कुंभ डिजिटल मेले में स्थायी एवं उपयोगी टचप्वाइंट्स स्थापित किये

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** केडीएम भारत में लाइफ़स्टाइल एवं मोबाइल एक्सेसरीज़ का प्रमुख ब्रांड है, जिसने अपनी कुंभ डिजिटल मेला पहल के साथ स्थायी एवं उपयोगी टचप्वाइंट्स की स्थापना की है, और इस तरह महाकुंभ 2025 की सफलता को आकार देने में अपनी भूमिका को मजबूत बनाया है। कुंभ डिजिटल मेला दरअसल ब्रांड केडीएम का संक्षिप्त रूप है।इस अवसर पर केडीएम के संस्थापक, श्री एन. डी. माली ने कहा, भारत 2047 तक विकसित भारत के सफ़र पर आगे बढ़ रहा है, इसलिए हमें भी %मेक इन इंडिया% के साथ-साथ हमें %मेक फॉर द वर्ल्ड% के मंत्र के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कुंभ डिजिटल मेला पहल इस बात को दर्शाता है कि, हम आर्थिक प्रगति और संस्कृति की हिफाज़त के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने और संस्कृति को अपनाने के संकल्प पर कायम हैं।चर्चा को आगे बढ़ाते हुए केडीएम के सह-संस्थापक, श्री बी. एच. सुथार ने कहा, डिजिटल इंडिया को मजबूत बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर इनोवेशन के साथ-साथ पूरी इंडस्ट्री की ओर से एकजुट होकर प्रयास करने की जरूरत है। केडीएम अव्वल दर्जे की गुणवत्ता के साथ अपने प्रोडक्ट्स के विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा देगा, जो भारत को तकनीक और संस्कृति दोनों में मजबूत देश के रूप में स्थापित करना चाहता है।

## एक मिलियन ट्रक ड्राइवरों की जांच

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** साइटसेवर्स इंडिया को अपने प्रमुख राही नेशनल ट्रकर्स आई हेल्थ प्रोग्राम की महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जिसने सफलतापूर्वक 1 मिलियन आंखों की जांच की है। राही ने अपनी स्थापना के बाद से ट्रक ड्राइवरो की आंखों के स्वास्थ और सड़क सुरक्षा मैं उल्लेखनीय वृद्धि के साथ ट्रक और व्यावसायिक ड्राइविंग समुदाय के जीवन को बदल दिया है। यह मील का पत्थर साइटसेवर्स इंडिया की उस प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है कि कोई भी अपरिहार्य कारणों से अंधा ना हो।साइटसेवर्स इंडिया के सीईओ आरएन मोहंती ने साझा किया, राही कार्यक्रम के माध्यम से 1 मिलियन आंखों की जांच की उपलब्धि बेहतर दृष्टि और सुरक्षित सड़कों की हमारी निरंतर खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह सफलता वर्षों की कड़ी मेहनत, सहयोग और प्रतिबद्धता का परिणाम है। हम एक स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ निकले थे कि भारत के ट्रक ड्राइवरों के लिए परिहार्य अंधेपन को खत्म करने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने में योगदान देना है, और आज, हम उस दृष्टिकोण के शक्तिशाली प्रभाव को जीवन में आते हुए देख रहे हैं। यह मील का पत्थर तो बस शुरुआत है। निरंतर नवाचार और साझेदारियों के साथ हम अपनी पहुंच का विस्तार करने और भारत के ड्राइविंग समुदाय के लिए स्थायी परिवर्तन लाने पर केंद्रित हैं।

## उत्तर भारत में ठंड बढ़ी

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** पहाड़ों पर जारी बर्फबारी के बीच मैदानी इलाकों में शनिवार को हुई बारिश ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भीषण ठंड और कोहरे की मार झेल रहे उत्तर भारत के लोग मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण ठिठुरते नजर आए। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में अचानक बदलाव आया है। कई जगह तेज हवाओं के साथ बारिश होने से ठंड और बढ़ गई। राजस्थान में शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया गया है। घने कोहरे की चेतावनी भी जारी की गई है।

## नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 18 जनवरी को

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** जवाहर नवोदय विद्यालय, पाटन, सीकर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-छठीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 शनिवार को प्रात: 11:30 बजे सीकर जिले के निर्धारित 23 परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को प्रात: 10 बजे परीक्षा केन्द्र पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी होगी। परीक्षा में सम्मलित होने के लिए परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी द्वारा प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। विद्यार्थियों ने इस परीक्षा के लिए जिस ब्लॉक से आवेदन किया है, उनका परीक्षा केन्द्र उसी ब्लॉक में दिया गया है।

## नियंत्रण कक्ष स्थापित

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** प्रदेश के अन्य जिलो में बच्चों के बोरवेल में गिरने की दु:खद घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने जिले के आमजन से अपील की है कि अगर आपके आसपास या जानकारी में ऐसा कोई खुले में सूखा बोरवेल है तो आप इस संबंध में जिला नियंत्रण कक्ष जिला कलेक्ट्रेट सीकर स्थित कमरा नम्बर 36 में 01572 - 251008 पर सूचना दे सकते हैं।

## मांग को लेकर 15 जनवरी को धोद उपखण्ड में विरोध प्रर्दशन

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** सीकर संभाग व नीमकाथाना जिला बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य अभिभाषक संघ सीकर के अध्यक्ष श्री भागीरथ मल जाखड़, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता गठाला व पूर्व विधायक एवं माकपा जिला सचिव पेमाराम ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि 15 जनवरी को सुबह 11.30 बजे उपखंड कार्यालय धोद पर धरना प्रदर्शन और पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारीयों, सामाजिक,राजनीतिक,व्यापारिक,छात्र संगठन भाग लेंगे जिससे जन विरोधी सरकार मजबूर होकर इस फैसले को वापस ले और सीकर संभाग व नीमकाथाना जिला यथावत रहे।

## सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

**जैसलमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त निर्देषों की पालना में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन दिनांक 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक किया जा रहा हैं। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी नितिन कुमार बोहरा के निर्देषानुसार स्थानीय डीलर पाइन्ट साक्षी होण्डा मोटर प्रा0 लि0 पर परिवहन निरीक्षक निषांत गुप्ता द्वारा सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों की कड़ी में कार्यषाला का आयोजन कर दुपहिया वाहन स्वामियों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक ने बताया गया कि शहरी क्षेत्र में अधिकांष दुर्घटनाएं दुपहिया वाहन चलाते समय मोबाईल के उपयोग तथा दो से अधिक सवारी परिवहन के कारण होती हैं, साथ ही दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की उपयोगिता भी बताई गई।

## पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** चिकित्सा विभाग के जिला मुख्यालय पर स्थिति स्वास्थ्य भवन में सोमवार को पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गढवाल, जिला औषधी भंडार के प्रभारी अधिकारी डॉ सीपी ओला सहित स्वास्थ्य भवन में कार्यरत सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

प्रयागराज महात्यागी नगर में ध्वजारोहण के साथ बीकानेर बीकानेर खालसा का हुआ शुभारम्भ,

# 40 दिन तक निःशुल्क रहने व खाने की मिलेगी सुविधा

**बीकानेर,( हुक्मनामा समाचार )।** पौष पूर्णिमा के साथ ही महाकुम्भ का शुभारम्भ हो गया है। सोमवार को लगभग डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है। महाकुम्भ प्रयागराज में रामझरोखा कैलाशधाम बीकानेर की ओर से लगभग साढ़े तीन बीघा में महात्यागी नगर बसाया गया है। परमपूज्य सियारामजी महाराज की कृपा से एवं पूज्य गुरुदेव श्रीरामदासजी महाराज के दिव्य आशीर्वाद से तथा राष्ट्रीय संत श्रीसरजूदासजी महाराज के नेतृत्व में प्रयागराज में लगभग 40 दिन तक बीकानेर खालसा संचालित होगा। बीकानेर खालसा व्यवस्थापक महंत भगवानदासजी महाराज ने बताया कि पूर्णिमा की सुबह दिगम्बर निर्गुणी अखाड़े के संत-महात्माओं के सान्निध्य में ध्वजारोहण कर खालसा शुरू किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर महंत श्रीमदन मोहनदासजी महाराज, महंत श्रीध्रुवदासजी महाराज, श्रीगौरी



शंकरदासजी, श्रीबालकदासजी, श्रीसनत कुमारजी, श्रीराजूदासजी, राजेश पहलवान महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं का सान्निध्य रहा। श्रीरामदासजी महाराज व श्रीसरजूदासजी महाराज ने पूजन कर हजारों श्रद्धालुओं को भोजन-प्रसादी करवाई। खालसा व्यवस्थापक श्रीरघुवीरदासजी महाराज ने बताया कि शुरुआत के साथ ही लगभग 2500-2700 श्रद्धालुओं को सुबह-शाम भोजन व दिनभर चाय-अल्पाहार की सुविधा प्रदान की गई है। राष्ट्रीय संत श्रीसरजूदासजी महाराज ने बताया कि महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है और देर शाम तक तक 44 घाटों पर डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। प्रशासन द्वारा भक्तों पर हेलिकॉटर से पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। आज से ही श्रद्धालु 45 दिन का कल्पवास शुरू करेंगे। वरदान साबित हो रहा बीकानेर खालसा बीकानेर खालसा में पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि बीकानेर से लगभग एक हजार किमी दूर प्रयागराज महाकुम्भ जहां रोजाना करोड़ों श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। ऐसे तीर्थस्थान पर बीकानेर के श्रद्धालुओं को शुद्ध बीकानेरी भोजन मिलना बेहद सुखदायी है। सर्दी के इस मौसम में रहने व खाने की सुविधा निन्शुल्क मिलना बीकानेरवासियों के लिए वरदान साबित हो रही है। गौरतलब है कि रामझरोखा कैलाशधाम की ओर से प्रयागराज महाकुंभ में सेक्टर 19, मुक्ति मार्ग, ओल्ड जीटी रोड एवं गंगोली शिवाला के मध्य बीकानेर खालसा लगाया गया है। विगत 4 जनवरी को श्रीसरजूदासजी महाराज व सेवादारों का जत्था बीकानेर से प्रयागराज के लिए रवाना हुआ था।

## श्रीडूंगरगढ़ सोलर कंपनी के खिलाफ अब कितासर में भी उठी आवाज जोहड़ पायतन भूमि को नुकसान पहुंचाने का लगा आरोप

**बीकानेर,( हुक्मनामा समाचार )।** सोलर कंपनियों के खिलाफ लगातार बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में विरोध है बढ़ता जा रहा है। ग्राम पंचायत कितासर भाटियान की जोहड़ पायतन भूमि को नुकसान पहुंचाने व आम रास्ते को बंद करने का आरोप लगा है। सरपंच प्रतिनिधि भंवरलाल पुनिया रिटायर्ड अधिकारी सुभाष चंद्र पूनिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों द्वारा उपखंड अधिकारी उमा मित्तल को ज्ञापन सोपा गया जिसमें जोहड़ पायतन भूमि को नुकसान पहुंचाने खेतों के आम रास्ते को बंद करने का आरोप लगाकर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि खेतों का कटानी मार्ग जो आर ए ए बैच द्वारा फैसला करके विधिवत रूप से चालू कराया गया था उसको भी कंपनी द्वारा फेर बदल किया जा रहा है जिससे खेतों में रहने वाले किसानों को आने-जाने में परेशानी हो रही है और रास्ते को बंद कर दिया गया है। उपखंड अधिकारी उमा मित्तल द्वारा आश्वासन दिया गया कि तहसीलदार द्वारा इसकी जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## देवांगी ने बनाया दूसरा विश्व रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित

**खैरथल,( हुक्मनामा समाचार )।** शहर की होनहार बेटी देवांगी लालवानी ने एक बार फिर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने योगासन की विधा एकपादस्कन्दासन में 34 मिनट 35 सेकंड तक अपनी मुद्रा बनाए रखकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाया। आज, 13 जनवरी 2025, को देवांगी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का मैडल, प्रमाणपत्र, और बैज प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक रतन लाल भार्गव उपस्थित थे। साथ ही स्कूल प्रिंसिपल मितेश सर, चिकित्सा विभाग के नितिन शर्मा, पार्षद करण चौधरी, और उपडाकपाल गोविंद राम जी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। देवांगी की इस अद्भुत सफलता के पीछे उनके कोच हरिओम सैनी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने देवांगी को इस स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देवांगी की इस सफलता पर न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा जिला गर्व महसूस कर रहा है। उनकी मेहनत और लगन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

## पंजाबी समाज ने मनाया लोहडी उत्सव

**भरतपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय पंजाबी महासभा ने लोहडी उत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया व सभी के लिए खुशियों व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। समाज के जिलाध्यक्ष नील गेरा की अध्यक्षता और वरिष्ठ चिकित्सक व जिला संरक्षक डॉ0 भूषण अरोडा के मुख्यातिथ्य व समाज के समाजसेवी एवं सीएमएचओ डॉ0 गौरव कपूर के विशिष्ट आतिथ्य में लोहडी उत्सव मनाया गया। जिला सचिव मनीष मेहरा ने बताया कि ये समाज का 6वां लोहडी उत्सव था इस बार उत्सव में धूम मचाने का जिम्मा समाज के ही विख्यात कलाकार महेश गुलाटी ने व विख्यात कलाकार सतविंदर सरताज ने संभाला जिन्होंने उत्सव में शामिल सभी बच्चे बुजुर्गों को नाचने पर मजबूर कर दिया। दिल्ली से पधारे विख्यात गायक सतविंदर सरताज ने पंजाबी संस्कृति के गीतों ने समां बांध दिया था। समारोह में समाज के बच्चों ने भी नृत्य व गायन प्रस्तुत किया जिसे सभी आगन्तुकों ने सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 भूषण अरोडा ने पूरे रीति रिवाज से लोहडी प्रज्वलित की व समस्त समाज को लोहडी की बधाई देते हुए सर्व समाज की उन्नति व सम्रद्धि की कामना की। सी एम एच ओ एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 गौरव कपूर ने अपने उध्बोधन में समाज को आने पुर्वजों की ही भांति मेहनत और ईमानदारी की राह पर चलने की सलाह दी उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज देश का वो समाज है।

## श्रीडूंगरगढ़ युवक हुआ गुमशुदा चिंतित परिजन पहुंचे पुलिस थाने अनहोनी की आशंका जताई

**बीकानेर।** सुभाष पुत्र पूर्णाराम ब्राह्मण निवासी खारडा पुलिस थाना नापासर ने पुलिस थाने में अपने भाई के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार उसका भाई प्रेम प्रकाश ब्राह्मण निवासी खारडा जो अभी श्रीडूंगरगढ़ में रहता है और सिरोही जिले के उड़ निवासी विक्रम पुत्र भूरा देवासी में पैसा मांगता है और पैसे का तकादा करने के लिए 11 जनवरी को उसके गांव जाने का कहकर निकला था जिसके बाद से उसका फोन बंद आ रहा है और शक जताया है कि उसके भाई के साथ विक्रम देवासी कोई अपराधिक घटना कारित कर सकता है । पुलिस ने परिवादी की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर लिया है और हैड कांस्टेबल देवाराम मामले की जांच सौंपी गई है।

## श्री मक्खन जोशी की पुण्यतिथि मंगलवार को, पत्रकारिता को समर्पित होगा 2025

**बीकानेर,( हुक्मनामा समाचार )।** जन नेता पूर्व अध्यक्ष नगर विकास न्यास मक्खन जोशी की 24वीं पुण्यतिथि पर श्री मक्खन जोशी वेलफेयर सोसायटी द्वारा मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोसायटी सचिव अविनाश जोशी ने बताया कि संस्था द्वारा विगत 23 वर्षों से मक्खनजी की पुण्यतिथि पर जन हित के कार्यक्रम किए जाते रहे हैं, इसी क्रम में इस बार भी जनहित से जुड़े विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इस संबंध में सोमवार को सोसायटी के नयाशहर स्थित कार्यालय में बैठक हुई। इस दौरान बृजराज जोशी, रामप्रकाश, किशन कुमार, नारायण, ऋषभ, अतुल जोशी, भंवरलाल पुरोहित, कमल आचार्य, विक्रमसिंह व चांद शर्मा सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। सोसायटी सचिव अविनाश जोशी ने बताया कि पत्रकारिता के क्षेत्र में श्री मक्खन जोशी के योगदान को ध्यान रखते हुए वर्ष 2025 को पत्रकारों से जुड़ी गतिविधियों को समर्पित रखने का निर्णय लिया गया है। इसकी शुरुआत मरुदीप अलंकरण समारोह से होगी। उन्होंने बताया कि इसके तहत 75 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। सम्मान हेतु पत्रकारों के चयन के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति पत्रकारों के नाम की अनुसंशा करेगी। इसके आधार पर फरवरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान चयनित पत्रकारों को नकद राशि, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र, शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

## काजड़ा में गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर हुई बैठक

**सूरजगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत काजड़ा में गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ को सामूहिक रूप से मनाने को लेकर सरपंच मंजू तंवर के नेतृत्व में राजकीय एवम् निजी संस्थाओं के संस्था प्रधान की बैठक पंचायत भवन में आयोजित हुई। सरपंच मंजू तंवर ने गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा जिस पर उपस्थित सभी संस्था प्रधान ने सर्व सहमति प्रदान करते हुए धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में गणतंत्र दिवस पर होने वाली पीटी,परेड,सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सेठ खूबचंद बैजनाथ काजड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय काजड़ा के प्रधानाचार्य महिपाल सिंह व रोशन कुलहरि,सेठ हरनारायण दास ईश्वर दास काजड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काजड़ा के उप प्रधानाचार्य हरि वीरेंद्र सिंह व शारीरिक शिक्षक विजेंद्र कुमार श्योराण,राधा देवी राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय काजड़ा के शिक्षक सुभाष शर्मा व रमेश कुमार, विवेकानंद पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल काजड़ा के निदेशक मनजीत सिंह तंवर, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भापर की संस्था प्रधान अनीता यादव, विवेकानंद विद्या विहार माध्यमिक विद्यालय काजड़ा के निदेशक अंकित नागवान, राजकीय उच्च प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारों का बास की संस्था प्रधान माया शर्मा, कनिष्ठ लिपिक चंद्रकला, अक्षय शर्मा, राजेंद्र

## सभी शहरी मुख्यालयों पर होंगे शिविर, 1962 भी रहेंगी मुस्तैद

**चूरू।** पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगबाजी के कारण घायल होने वाले पशु-पक्षियों की चिकित्सा के लिए सभी शहरी मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समस्त शहरी मुख्यालयों पर शिविर आयोजित होंगे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा संस्थाएं उपचार का कार्य सम्पादित करेंगी। इस दौरान पतंगबाजी में घायल पशु-पक्षियों को मौके पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु मोबाईल वेटरिनरी यूनिट-1962 के समस्त प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सूचना मिलने पर एवं इस बाबत् आयोजित शिविरों में आवश्यक सहयोग किया जाना सुनिश्चित करें। उपचार की टिकट नियमानुसार बनवाई जाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए तथा किये गये कार्य की सूचना भिजवाई जाए।

## राजकीय विधालय हरिपुरा मे शौचालय का भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न



**सूरजगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** अर्पण सेवा संस्थान व एल टी आई माइंडट्री फाउंडेशन के वित्त सहयोग से संचालित एकीकृत ग्राम विकास परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मेड़ी के हरिपुरा मे अर्पण सेवा संस्थान व एल टी आई माइंडट्री फाउंडेशन के वित्त सहयोग से संचालित एकीकृत ग्राम विकास परियोजना के तहत भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रबंधक डॉ चंद्र शेखर मीना द्वारा बताया गया की गंगापुरसिटी ब्लॉक की 4 पंचायतों मे आजीविका संवर्धन, शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण के मुद्दों पर कार्यरत है और शिक्षा को बढ़ावा देने,बच्चों के ठहराव सुनिश्चित के उद्देश्य से राजकीय विद्यालयों मे आवश्यक भौतिक सुविधाओं की उपलब्धता हेतु कार्य किये जा रहें है।

भूमि पूजन कार्यक्रम प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी फरेवी लाल मीना, प्रधानाध्यापिका श्री मति द्रोपती छीपा ग्राम विकास समिति के सदस्यों रामवीर, कस्टम परियोजना अभियंता अर्पण सेवा संस्थान शक्ति सिंह,मदन सिंह, धर्मेंद्र जैन,नवीन कुमार व अन्य ग्राम विकास समिति व विधालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया।

## भरतपुर बीट्स का रक्तदान शिविर आज

**भरतपुर।** भरतपुर बीट्स द्वारा मकर संक्राति पर मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा जायेगा। संस्था के संरक्षक जितेंद्र ज्वाला ने बताया कि शिविर की तैयारियों सम्पूर्ण हो चुकी हैं शिविर कुम्हेर गेट स्थित सेंट्रल गार्डन में प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक लगाया जायेगा। बीट्स के वरिष्ठ सदस्य गौरव जैन ने बताया कि शिविर को आशातीत सफल बनाने के लिए और अधिक से अधिक नागरिकों को पुनीत आयोजन के उद्देश्य से जोडने के लिए बीट्स के सदस्य रविवार को कुम्हेर गेट से बिजलीघर चौराहे तक मुख्यबाजारों में निकले व प्रत्येक दुकानदार से रक्तदान हेतु निवेदन किया और एक दुकान एक यूनिट रक्तदान का आह्वान किया।

## सात लाख की लागत से बनी इंटलॉक सड़क का विधायक पितराम काला ने किया लोकार्पण

**सूरजगढ़।** पंचायत समिति क्षेत्र के श्यालु कलां गांव में सोमवार को सात लाख रुपयों की लागत से बनी इंटरलॉक सड़क का लोकार्पण पिलानी विधायक पितराम काला के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ईश्वरसिंह पूनिया ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान शेरसिंह नेहरा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद काजला, ग्राम विकास अधिकारी भरत सिंह फोगाट और राजेश राव मौजूद थे। अतिथियों ने फीता काटकर इंटरलॉक सड़क का लोकार्पण किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा विधायक पितराम काला सहित अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर स्वागत किया।

## खुजां व जनता क्लीनिक खुजां में आयोजित हुआ टीबी स्क्रीनिंग शिविर : शर्मा

### दोनों शिविरों में 514 लोगों ने जांच के लिए करवाया पंजीकरण, पोर्टेबल मशीन से हुए 184 एक्स-रे

**हनुमानगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में सौ दिवसीय टीबी कैम्पेन अभियान के तहत सोमवार 13 जनवरी को खण्ड हनुमानगढ़ की खुजां पीएचसी एवं जनता क्लीनिक खुजां सबसेंटर में टीबी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। पीएचसी खुजां में टीबी स्क्रीनिंग शिविर प्रातः 9 से 12 बजे तक एवं सबसेंटर जनता क्लीनिक खुजां में दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि टीबी कैम्पेन अभियान के तहत पीएचसी खुजां एवं सबसेंटर जनता क्लीनिक खुजां में शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मुकेश शेखावत, स्वास्थ्यकर्मी अल्केश गोदारा एवं डीपीसी बलविन्द्र सिंह दोनों शिविरों में उपस्थित रहे तथा आमजन को टीबी के संबंधी में जानकारी प्रदान की। अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने भी टीबी से जुड़ी भ्रांतियों के संबंध में मरीजों एवं उनके परिजनों को बताया। डॉ. शर्मा ने बताया कि पीएचसी खुजां में आज 318 लोगों ने जांच के लिए पंजीकरण करवाया। इसमें से 101 लोगों के पोर्टेबल मशीन से एक्स-रे जांच की गई। 24 मरीजों के सैम्पल अपफ्रंट-नाट के लिए भिजवाए गए । इसी तरह, सबसेंटर जनता क्लीनिक खुजां में भी 196 लोगों ने पंजीकरण करवाया, जिसमें से 83 के एक्स-रे लिए गए। इनमें से 11 मरीजों के सैम्पल अपफ्रंट-नाट के लिए भिजवाए गए। इस दौरान मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से ही स्क्रीनिंग, जांच और जागरुकता गतिविधियां आयोजित की गई। अभियान के दौरान जिले के प्रत्येक ब्लॉक में सौ दिन तक स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। कैम्प में एसटीएस जगदीश भादू सहित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी को टीबी रोग की शपथ भी दिलाई गई।

## मंगलवार को पीएचसी सुरेशिया व सबसेंटर नवां में आयोजित होगा टीबी स्क्रीनिंग शिविर

**हनुमानगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में सौ दिवसीय टीबी कैम्पेन अभियान के तहत मंगलवार 14 जनवरी को खण्ड हनुमानगढ़ की पीएचसी सुरेशिया एवं सबसेंटर नवां में टीबी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया जाएगा। पीएचसी सुरेशिया में टीबी स्क्रीनिंग शिविर प्रातः 9 से 12 बजे तक एवं सबसेंटर नवां में दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से पीएचसी सुरेशिया एवं सबसेंटर नवां में शिविर लगाकर स्क्रीनिंग, जांच और जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह अभियान 24 मार्च 2025 तक जारी रहेगा, जिसमें वुलनरेबल पापूलेशन की अधिक से अधिक स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर के मरीज या दो साल से अधिक टीबी के मरीजों की एक्स-रे व अन्य जांचें की जाएगी। मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से आयोजित शिविरों में सक्रियता से कार्य कर अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

## अचानक हुए धमाके से मचा हड़कम

**बीकानेर,( हुक्मनामा समाचार )।** सोमवार को अचानक बीकानेर जिले के बज्जू में दोपहर 3.30 बजे अचानक बड़ा धमाका हुआ। जिससे एकबार हड़कम मच गया। लोग सहम गए और अपने घरों व दुकानों से बाहर आ गए। साथ ही, घरों में दरारें आ गई। स्थानीय नागारिकों ने इसकी सूचना प्रशासन व पुलिस को दी है। धमाके के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## श्रीडूंगरगढ़ में आज होगा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन, राजस्थान सरकार के यूडीएच मंत्री रक्तदान शिविर में करेंगे शिरकत

**बीकानेर,( हुक्मनामा समाचार )।** आज मंगलवार को श्रीडूंगरगढ़ में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व मंत्री रहे स्वर्गीय हरलाल सिंह खर्रा के जयंती के अवसर पर शहर के मातु श्री भवन में योगी फाउंडेशन द्वारा इस विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया जा रहा है। राजस्थान सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि होंगे इस रक्तदान शिविर को लेकर लगातार सोमवार तक तैयारियां जारी थी। कोई भी रक्तदाता यदि रक्तदान करना चाहता है तो समय पर श्रीडूंगरगढ़ के हाई स्कूल रोड मातुश्री भवन पहुंचकर अपना समय पर रजिस्ट्रेशन करवाये। रक्तदान सबसे ज्यादा पुण्य का काम है और इससे किसी व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है।

## वैश्य समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता 19 को

**भरतपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के द्वारा वैश्य समाज के युवाओं की प्रतिभा जागृत करने तथा युवाओं में समाज के प्रति समर्पण तथा युवाओं की समाज के कार्यों में सहभागिता बढाने के उद्देश्यों को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट की एक प्रतियोगिता आगामी फरवरी माह में आयोजित की जा रही है। इस कडी में पहले अंतर जिला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसमें जिला स्तर पर श्रेष्ठ बल्लेवाज तथा श्रेष्ठ गेंदवाज को राज्य स्तर की टीम में चयन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता कराने को लेकर जिला पदाधिकारियों की बैठक में भरतपुर की टीम का चयन किया गया। इस टीम का मुकावला आगामी 19 जनवरी को दोपहर 12 बजे 20-20 ओवर का मैच करौली की टीम के साथ आयोजित किया जायेगा। इसके अंदर मेन ऑफ द मैच, वैस्ट बल्लेवाज तथा वैस्ट गेंदवाल को पुरस्कार तथा विजेता टीम को ट्राफी दी जायेगी। उसी दिन राज्य स्तरीय टूर्नामेंट खेलने के वास्ते श्रेष्ठ गेंदवाज व श्रेष्ठ बल्लेवाज का चयन किया जायेगा। बैठक में जिलाध्यक्ष अनिल लोहिया, जिला महामंत्री सुमनेश गुप्ता, दिनेश पीतलिया, सत्यवृत आर्य, मनीष गर्ग, सनंत गुप्ता, ओमप्रकाश माहेश्वरी, आर.के. गुप्ता, राजू गोपालिया, जितेन्द्र जायसवाल, जितेन्द्र जैन आदि ने प्रमुख रूप से भाग लिया। बैठक में सर्व सम्मति से मनीष गर्ग को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है।

## अमेज़न की 'ग्रेट रिपब्लिक डे सेल' 2025 में बड़ी बचत करें, सेल शुरू हो रही है 13 जनवरी से

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** बहुप्रतीक्षित शॉपिंग फेस्टिवल, अमेज़न इंडिया की 'ग्रेट रिपब्लिक डे सेल,' 13 जनवरी 2025 को दोपहर 12:00 बजे लाइव होगी, जिसमें प्राइम सदस्यों के लिए 12 घंटे का विशेष अर्ली एक्सेस मिलेगा। ग्राहक नए साल की खरीदारी स्मार्टफोन, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े उपकरण, किराना सामान, रोजमर्रा की ज़रूरतें और अन्य कई कैटेगरी में उपलब्ध लाखों प्रोडक्ट्स पर कर सकते हैं। शॉपर्स वनप्लस, एप्पल, बोट, सैमसंग, सोनी, एलजी, क्रॉक्स, टाइटन, लॉरियल, लैक्मे, पै पर्स और अन्य प्रमुख ब्रांड्स के बेहतरीन प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज का पता लगा सकते हैं। अपने पसंदीदा उत्पादों को शानदार कीमतों पर खरीदने और अविश्वसनीय बचत के साथ साल की शुरुआत करने का यह मौका न चूकें। अमेज़न इंडिया की 'ग्रेट रिपब्लिक डे सेल' के दौरान उपलब्ध रोमांचक डील्स और ऑफर्स को देखने के लिए यहाँ क्लिक करें।

## सानंद वर्मा ने 150 महिला किरदारों को निभाने के अनुभव पर की बात!

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** एण्डटीवी का कल्ट कामेडी 'भाबीजी घर पर हैं' अपनी मजेदार कहानियों और यादगार किरदारों के जरिये लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। अनोखे लाल सक्सेना, इनमें से ही एक किरदार हैं, जिसे संजीदा अभिनेता सानंद वर्मा निभा रहे हैं। अपनी बेजोड़ कॉमिक टाइमिंग और अनोखे किरदारों को निभाने की काबिलियत के लिए मशहूर सानंद ने शो में 150 से ज्यादा महिला किरदार निभाकर कॉमेडी में एक नया मानदंड स्थापित किया है। उनकी यात्रा का एक खास पड़ाव वह कहानी थी, जिसमें उन्होंने लगातार चार अलग-अलग महिला किरदारों के रूप धारण किए। इस बेमिसाल उपलब्धि पर बात करते हुये सानंद वर्मा ऊर्फ अनोखे लाल सक्सेना ने कहा, ''भाबीजी घर पर हैं' का हिस्सा होना मेरा सौभाग्य है। इस शो ने मुझे बतौर ऐक्टर नये डायमेंशन्स को एक्सप्लोर करने की प्रेरणा दी। 150 से ज्यादा महिला किरदारों को निभाना एक रोमांचक अनुभव है और जब मुझे उस कहानी के बारे में बताया गया, जिसमें मुझे चार अलग महिला किरदारों में ढ़लना था, तो मैं बहुत खुश और नर्वस भी था। किरदार को सही तरीके से निभाना और उसके अलग-अलग गुणों को दिखाना बड़ी जि मेदारी होती है, ताकि वे एक-दूसरे से मिलते-जुलते न दिखें। महिला किरदारों को निभाने की चुनौती पर सानंद वर्मा ने कहा, ''महिला के भेष में ढलना सिर्फ कपड़े पहनने या मेकअप करने तक सीमित नहीं है। यह शरीर की भाषा, हाव-भाव, चेहरे के एक्सप्रेशन्स, आवाज़ के उतार-चढ़ाव और आदतों को समझने और सही तरीके से निभाने का काम है। ऊँची एड़ी के जूते पहनना, साड़ी या ड्रेस पहनना और डायलॉग्स को आत्मविश्वास के साथ बोलना कोई आसान काम नहीं है।

## बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया लगातार दे रहा है बेहतरीन परफॉर्मेंस

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने सफलता का नया अध्याय लिखते हुए 11त्न की वृद्धि के साथ अब तक की सबसे ज़्यादा वार्षिक डिलीवरी की है। कंपनी द्वारा जनवरी-दिसंबर 2024 के बीच 15,721 कारें (बीएमडब्ल्यू और मिनी) और 8,301 मोटरसाइकिलें (बीएमडब्ल्यू मोटोराड) डिलीवर करने का कीर्तिमान बनाया गया। बीएमडब्ल्यू की 15,012 यूनिटें और मिनी की 709 यूनिटें बिकीं। बीएमडब्ल्यू ने क्यू4 में सबसे ज़्यादा सेल (4,958 यूनिट्स 7 +15 प्रतिशत) दर्ज की, दिसंबर की सेल (2,244 यूनिट्स 7 17 प्रतिशत) भी अब तक की सबसे अधिक थी।विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के, ने कहा, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने भारत में इस साल अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ सेल्स की और साथ ही 15,000 कारों की सेल का कीर्तिमान बना लिया है। लग्जरी कार सेगमेंट में हमारे पास रिटेल.नेक्स्ट जैसी नई पहल और हमारे ग्राहकों के लिए बेहतरीन एक्सपीरिएंसेज तथा सेवाओं के साथ सबसे मज़बूत उत्पाद पोर्टफोलियो है। बीएमडब्ल्यू भारत के लग्जरी कार बाज़ार में सस्टेनेबल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, लग्जरी क्लास और महत्वाकांक्षी प्रीमियम कॉ पैक्ट सेगमेंट जैसे सेगमेंट्स में काफी आगे चल रही है। हमारी इस जबरदस्त सफलता का श्रेय ग्राहकों को खुशी प्रदान करने के हमारे दृढ़ संकल्प को जाता है। हम अपने डीलर पार्टनर्स और अपनी समर्पित टीम के साथ लग्जरी मोबिलिटी में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।बीएमडब्ल्यू लग्जरी क्लास ने 2024 में भारत में अब तक की सबसे अधिक सेल दर्ज की है (2,507 यूनिट 7 +8 प्रतिशत)। बीएमडब्ल्यू लग्जरी क्लास द्वारा भारतीय ग्राहकों को सबसे विशिष्ट लैगशिप रेंज और एक्सक्लूज़िविटी मिलती है।